दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 2 | अंक: 211 जयपुर, मंगलवार, 11 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

लाभार्थी संवाद

आज दोपहर 12.00 बजे



माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना

के लाभार्थियों के खाते में राशि का सीधा हस्तांतरण करेंगे

~~500~~ ~~750~~ अब 1000 रु/-माह

न्यूनतम सामाजिक सुरक्षा पेंशन

50 लाख+
लाभार्थी

₹1000 करोड़+
धनराशि

"प्रदेश के हर व्यक्ति की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार का कर्तव्य है। मुझे प्रसन्नता है कि आज राजस्थान देशभर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने में अग्रणी है जिससे प्रदेश के नागरिक सशक्त हो रहे हैं। इसी कारण राजस्थान शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है।

— अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री, राजस्थान

राजस्थान संवाद

LIVE प्रसारण देखने के लिए

स्कैन करें

लॉग ऑन करें

@AshokGehlot.Rajasthan

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान

## जरूरी खबर

### जनता को मूल मुद्दों से भटका रही कांग्रेस: पालीवाल



**जयपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल ने कहा कि प्रदेशवासियों को बीजेपी और कांग्रेस अब तरह- तरह के लोभ लालच देकर अपनी तरफ मोड़ने की कोशिश कर रही है। लेकिन काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। पालीवाल ने कहा चुनावी मौसम में सीएम गहलोत ने कॉन्टेस्ट शुरू किया है। जिसके जरिए वो जनता का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाना चाहते हैं। पालीवाल ने कहा कि अगर सीएम साहब ने अपने कार्यकाल में पूरी ईमानदारी से काम किया होता तो आज पुरस्कार देकर जनता को लुभाने की जरूरत नहीं पड़ती। पालीवाल ने बारिश से शहर में जलभराव को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

### माइक्रो मैनेजमेंट को बूथ स्तर तक करें क्रियान्वित

**जयपुर।** हरीशचन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान में सोमवार को विधानसभा चुनाव को लेकर रिटर्निंग अधिकारियों का चार दिवसीय सर्टिफिकेशन कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में निष्पक्ष चुनाव के लिए माइक्रो मैनेजमेंट को बूथ स्तर तक क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में रिटर्निंग अधिकारी की स्क्रूटनी से लेकर मतगणना तक विभिन्न कार्यों में अहम भूमिका होती है। इनके निर्वहन के लिए प्रशिक्षण एवं सर्टिफिकेशन कार्यक्रम महत्वपूर्ण है। इसलिए सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता निभाएं।

### यूथ कांग्रेस के प्रदेश मीडिया कन्वीनर बने व्यास



**जयपुर।** प्रदेश यूथ कांग्रेस में शीर्ष नेतृत्व की ओर से सोमवार को संगठात्मक नियुक्ति की गई। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया इंचार्ज वरुण पांडेय ने विचार व्यास को प्रदेश मीडिया कन्वीनर के पद पर नियुक्त किया है। व्यास राजस्थान प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहीद, सचिव ऋषेंद्र मोहर, धीरज सिंह और प्रदेशाध्यक्ष के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे।

---

**मर्यादा भूले जनप्रतिनिधि:** राज्यमंत्री राजेन्द्र गुढ़ा और अजमेर दक्षिण से भाजपा विधायक का वीडियो वायरल

# CM के खिलाफ भदेल के बिगड़े बोल, कांग्रेस ने फूंका पुतला

■ सड़क शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक ने दिया विवादित बयान

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के जनप्रतिनिधि शब्दों की मर्यादा भूलाकर सार्वजनिक तौर पर बयानबाजी कर रहे हैं। ऐसा ही एक बयान प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लेकर पूर्व मंत्री और अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल का सामने आया है।

जिसमें वह सीएम गहलोत के खिलाफ अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए नजर आ रही हैं। भदेल का यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।



भदेल का यह वीडियो वार्ड 41 बिहारीगंज में सड़क के शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान दिए गए भाषण का बताया जा रहा है। जिसमें वह राज्य सरकार के वीडियो कॉन्टेस्ट योजना पर टिप्पणी कर रही हैं। वीडियो में अनीता भदेल वीडियो कॉन्टेस्ट योजना पर बोल रही हैं कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यह जो स्कीम चलाई है, उसका सारा प्रभार ब्यूरोक्रेसी के हाथ दे दिया है। ऐसे में इनाम भी अफसरशाहों के पसंदीदा व्यक्तियों में बांट दिया जाएगा।

पुरस्कार का चयन कौन करेगा? एक आईएएस अधिकारी करेगा। एक अफसर करेगा। जो उस डिपार्टमेंट में नियुक्त हैं। तो वो किसको पुरस्कार देगा। आगे भदेल मुख्यमंत्री के लिए कहती हैं कि......अंधे तेरे को पता नहीं है क्या ये पुरस्कार भी ब्यूरोक्रेसी के लोग ही ले जाने वाले हैं।

### भदेल का पुतला जलाकर किया विरोध

विधायक अनिता भदेल के सीएम को लेकर अभ्रद भाषा का प्रयोग करने पर अजमेर में कांग्रेसियों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। जहां कांग्रेसियों ने विधायक अनिता भदेल का पुतला जलाकर विरोध जताया। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष द्रोपति कोली ने कहा कि अनिता भदेल की ओर से दिया गया बयान उचित नहीं है। उन्हें सीएम गहलोत से विधानसभा में माफी मांगनी चाहिए। कोली ने कहा कि भदेल ने यदि सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो आंदोलन किया जाएगा और एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी।

### आजकल मेरे पीछे भाग रहे गहलोत और पायलट: गुढ़ा



एक अन्य वीडियो सैनिक कल्याण राज्यमंत्री राजेन्द्र गुढ़ा का वायरल हो रहा है। वीडियो गुढागौड़जी सीएचसी में डिजिटल एक्सरे मशीन के शुभारंभ समारोह का बताया जा रहा है। जिसमें मंत्री गुढ़ा यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि सीता माता की सुंदरता की कोई कल्पना नहीं की जा सकती। उनके आकर्षण के कारण ही श्रीराम और रावण जैसे अद्भुत इंसान पागल हो गए। ऐसे ही आजकल गहलोत और पायलट दोनों मेरे पीछे भाग रहे हैं, तो मेरे में कोई क्वालिटी होगी। गुढ़ा ने कहा कि आजकल लोग चर्चा कर रहे हैं कि गुढ़ा इस बार कौनसी पार्टी से टिकट लाएगा। मैं उन लोगों को बताना चाहता हूं कि मुझे तो मेरे कर्मों के अनुसार, मेरे खुद के चेहरे को वोट मिलते हैं। किसी पार्टी के सिंबल को नहीं।

---

**इंतजार खत्म:** कांग्रेस ने जारी की पदाधिकारियों की सूची

# राजस्थान कांग्रेस की टीम तैयार 25 नए जिलाध्यक्षों की घोषणा

■ 21 उपाध्यक्ष, 48 महासचिव व 122 सचिवों की नियुक्ति

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। इसे लेकर राज्य में सियासी हलचल तेज हो गई है। विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने में जुटी है। इसी के चलते सोमवार को पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल प्रदेश कांग्रेस में संगठनात्मक नियुक्तियां की हैं। कांग्रेस आलाकमान की ओर से 21 उपाध्यक्ष और 25 जिलाध्यक्षों का ऐलान किया गया है। वहीं संगठन में 48 महासचिव व 122 सचिव भी नियुक्त किए गए हैं। वेणुगोपाल ने ये नियुक्तियां कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अनुमति के बाद जारी की है।

सूची में सीताराम अग्रवाल को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस समिति में कोषाध्यक्ष व ललित तूनवाल को महासचिव (संगठन) बनाया गया है। सूची जारी होने के बाद पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ट्वीट कर नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी। गौरतलब है कि प्रदेश कांग्रेस में लंबे समय से नियुक्तियों का इंजतार था। हाल ही में दिल्ली में राजस्थान को लेकर हाईकमान की बैठक हुई थी। बैठक में नियुक्तियों को लेकर प्रदेश के नेताओं से फीडबैक लिया गया था। इस बैठक के बाद पदाधिकारियों का ऐलान किया है।



### इनको उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी

डॉ. जितेन्द्र सिंह, नसीम अख्तर इन्साफ, गजराज खटाना, हाकम अली, घनश्याम मेहर, भरतराम मेघवाल, जगदीश चन्द्र जांगिड़, मंजू मेघवाल, वीरेन्द्र बेनीवाल, हीरालाल दरांगी, हंगमीलाल मेवाड़ा, कैलाश मीना, रतन देवासी, रामविलाश चौधरी, रमेश खंडेलवाल, सुशील शर्मा, जगतार सिंह कंग, डॉ. समरजीत सिंह, रफीक मांदलिया, राजकुमार जयपाल, दर्शन सिंह।

### तिवारी जयपुर सिटी व मीना ग्रामीण जिलाध्यक्ष

नए जिलाध्यक्षों में आर.आर. तिवारी को जयपुर सिटी का दायित्व दिया गया है। वहीं विधायक गोपाल मीना को जयपुर ग्रामीण की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा रमेश पांडिया को बांसवाड़ा, दिनेश सूपा भरतपुर, अक्षय त्रिपाठी भीलवाड़ा, विशनाराम सियाग बीकानेर ग्रामीण, सी एल प्रेमी बूंदी, भेरूलाल चौधरी चित्तोरगढ़, इन्द्राज खीचड़ चूरू, साकेत बिहारी शर्मा धौलपुर, वल्लभराम पाटीदार डूंगरपुर, अंकुर मगलानी श्री गंगानगर, सुरेंद्र दादरी हनुमानगढ़, भंवर लाल मेघवाल जालोर, दिनेश सुण्डा झुंझनूं, शिवराज मीना करौली, रवीन्द्र त्यागी कोटा सिटी, भानु प्रताप सिंह कोटा ग्रामीण, भानु प्रताप सिंह प्रतापगढ़, अजीज दर्द पाली, आनंद कुमार जोशी सिरोही, गिर्राज सिंह गुर्जर सवाई माधोपुर, हरि प्रसाद बैरवा टोंक, फतेह सिंह राठौड़ उदयपुर सिटी, कचरू लाल चौधरी को उदयपुर ग्रामीण का जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

### ये बने महासचिव

प्रशांत बैरवा, राकेश पारीक, कुमारी रीता चौधरी, जिया उर रहमान, जसवन्त गुर्जर, आर.सी. चौधरी, स्वर्णिम चतुर्वेदी, विशाल जांगिड़, देशराज मीना, फूल सिंह ओला, डॉ. राजेंद्र मूंड, प्रतिष्ठा यादव, राखी गौतम, महेंद्र सिंह गुर्जर, प्रशांत शर्मा, पुष्पेन्द्र भारद्वाज, राम सिंह कस्वा, चेतन डूडी, मोहन डागर, रोहित बोहरा, सुदर्शन सिंह रावत, मनोज मेघवाल, अजीत सिंह यादव, इन्द्राज सिंह गुर्जर, गणेश घोघरा, पुसाराम गोदारा, अमित धारीवाल, विक्रम सिंह शेखावत, लाल सिंह झाला, विजेंदर सिंह सिद्धू, अमित चाचाण, महेंद्र सिंह बरजोड़, सुमन यादव, साफिया जुबेर, राजपाल शर्मा, गोपाल कृष्ण शर्मा, चांदमल जैन, राजेंद्र शर्मा, हरीश चौधरी, इंदिरा मीना, मिनाक्षी चंद्रावत, मुकेश भाकर, राजेश चौधरी, सुरेश मिश्रा, अंजना मेघवाल, संजय कुमार जाटव, शिमला देवी नायक, ओमाराम मेघवाल।

---

**जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट**

## गजेंद्र को मिला एक लाख का पुरस्कार

**बेधड़क** | जयपुर

जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट का परिणाम घोषित हो गया है। जिसमें पहले दिन सोमवार को सवाई माधोपुर जिले के गजेन्द्र को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए की राशि मिली। इस कॉन्टेस्ट के तहत प्रदेश के सभी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में वीडियो प्राप्त हो रहे हैं और लोग विशेषकर युवा वर्ग बढ़-चढ़ कर इसमें हिस्सा ले रहे हैं। कॉन्टेस्ट में नागौर के महेंद्र को दूसरा स्थान मिला जिसमे उन्हें 50 हजार रुपए की धन राशि मिली। इसी प्रकार जालोर के जितेंद्र ने तीसरा स्थान प्राप्त कर 25 हजार रुपए की राशि प्राप्त की। साथ ही प्रदेश के 100 प्रतिभागियों ने 1000 रुपए (प्रत्येक ने) के साथ प्रेरणा पुरस्कार प्राप्त किया।

सरकारी योजनाओं को प्रदेश के हर जरूरतमंद तक पहुंचाने के संकल्प को साकार करते हुए राज्य सरकार ने यह अभिनव प्रतियोगिता आयोजित की है। यह प्रतियोगिता 6 अगस्त तक चलेगी। सभी इच्छुक प्रतिभागी अपने वीडियो बना कर पोस्ट कर सकते हैं।

## कांग्रेस का मौन विरोध कल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस की ओर से 12 जुलाई को राहुल गांधी के समर्थन में जयपुर के शहीद स्मारक पर एक दिवसीय मौन विरोध और 13 जुलाई को प्रदेश के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों की कार्यशाला होगी।

दरअसल, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि राहुल गांधी के साथ एकजुटता और उनकी निडर और समझौता विहीन लड़ाई के समर्थन में 12 जुलाई को पूरे देश में एक दिवसीय सत्याग्रह होगा। इसी कड़ी में राजस्थान कांग्रेस कमेटी की ओर से भी 12 जुलाई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक शहीद स्मारक पर एक दिवसीय मौन विरोध किया जाएगा।

### एक दिवसीय कार्यशाला 13 को

राजस्थान के विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रदेश के सभी नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्षों की एक दिवसीय कार्यशाला 13 जुलाई को आयोजित की जाएगी।

---

**नर्सेज संगठनों की महापंचायत,** 23 अगस्त को जयपुर में रैली

## 18 से अनिश्चितकालीन धरने पर

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले नर्सेज संगठनों की महापंचायत जयपुर के एसएमएस स्थित सुश्रुत सभागार में हुई। जहां प्रदेश स्तरीय आंदोलन को लेकर रणनीति तैयार की गई।

सभा में प्रस्ताव पारित करने के बाद नर्सिंग ऑफिसर्स ने सरकार को अल्टीमेटम दिया कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो 18 जुलाई से सभी जिला मुख्यालयों पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू होगा। वहीं 23 अगस्त को जयपुर में रैली निकाली जाएगी, जिसमें प्रदेशभर के हजारों नर्सिंगकर्मी भाग लेंगे। संघर्ष समिति के प्रांतीय संयोजक राजेंद्र राना, महासचिव कैलाश शर्मा, नरेंद्र सिंह शेखावत, पुरुषोत्तम कुम्भज, मनोज दुब्बी, सोम मीणा, अनेश सैनी, रमेश सैनी ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जयपुर में 18 मई से नर्सिंगकर्मी शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। परंतु प्रशासनिक स्तर पर कोई निर्णायक कार्रवाई नहीं होने से नर्सेज को राज्यभर में संयुक्त संघर्ष समितियों का गठन कर आंदोलन के लिए विवश होना पड़ रहा है।



संघर्ष समिति नर्सिंग भत्ता, नर्सिंग ट्यूटर और सीनियर नर्सिंग ऑफिसर के पद को राजपत्रित कर प्रशिक्षण केंद्रों पर कार्यरत प्रिंसिपल वाइस प्रिंसिपल को आहरण वितरण अधिकार देना सहित विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रही है।

## कॉल डिटेल बेचने वाला भुटानी गिरफ्तार

**जयपुर।** आम लोगों की निजता का हनन कर कॉल डिटेल बेचने वाले अभियुक्त पुष्पेन्द्र भुटानी (43) पुत्र राजकुमार भुटानी को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पैन ड्राइव, मोबाइल समेत अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपी 20 हजार से एक लाख रुपए में महाराष्ट्र, राजस्थान और साउथ के कई राज्यों के कुछ पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर लोगों की कॉल डिटेल निकलवाता था। एटीएस के एडीजी अशोक राठौड़ ने बताया कि आरोपी अनाधिकृत रूप से कॉल डिटेल, निकलवाकर आम लोगों की निजता हनन कर रहा था।

---

**यूसीसी का विरोध कर** देश के विकास में बन रहे अवरोधक

## यूनिफॉर्म सिविल कोड वर्तमान समय की आवश्यकता: उपाध्याय

**बेधड़क** | जयपुर

देश में अब तक यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर 8 लाख 50 हजार से ज्यादा लोग अपने सुझाव दे चुके हैं। समान नागरिक संहिता वर्तमान समय की आवश्यकता और अनिवार्य रूप से आवश्यक हैं। यह बात सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने कही।

वह रविवार को मॉडर्न स्कूल, शिप्रा पथ मानसरोवर जयपुर में समान नागरिक संहिता पर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे। वहीं कार्यक्रम के मुख्य



अतिथि के रूप में संघ के वरिष्ठ प्रचारक कैलाश चंद्र, विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेता पराक्रम राठौड़ उपस्थित रहे। उपाध्यय ने कहा कि जो भी सांसद, विधायक देश के संविधान की आत्मा के समान आर्टिकल 44 का विरोध कर रहे हैं। वह गलत है ऐसा कर वह देश के विकास में अवरोध पैदा कर रहे हैं। प्रचारक कैलाश चंद्र ने कहा कि समान नागरिक संहिता का मतलब है कि देश में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून व्यवस्था।

भारत जैसे देश में सभी नागरिकों को अपने-अपने धर्मों के हिसाब से जीने की आजादी हैं।

---

**कामकाजी महिलाओं के लिए 100 बेड का वर्किंग वुमेन हॉस्टल**

# अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास बनाएगी सरकार

■ अल्पसंख्यक विकास कोष की राशि बढ़ाकर की 200 करोड़ रुपए

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने के लिए राज्य सरकार विभिन्न जिलों में छात्रावास खोलेगी। वहीं मानसरोवर में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास और जोधपुर में अल्पसंख्यक नागरिक सुविधा केंद्र बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री अशोकगहलोत ने सोमवार इनकी स्थापना सहित अल्पसंख्यक विकास कोष की



राशि 200 करोड़ रुपए करने और वर्ष 2022-23 में अनुमोदित प्रगतिरत कार्यों को कोष के तहत कराए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया।

इसके तहत जयपुर में किशनपोल (बालिका), दूदू, नागौर में कुचामन सिटी (बालिका), बारां, भरतपुर, बीकानेर, अजमेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़ और चूरू में 50-50 बेड के छात्रावास बनाए जाएंगे। इनमें कुल 28 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इन छात्रावासों में कक्षा 9 से लेकर महाविद्यालय और विश्वविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी प्रवेश ले सकेंगे। इसके साथ ही जयपुर के मानसरोवर में अल्पसंख्यक समुदाय की कामकाजी महिलाओं के लिए 100 बेड का छात्रावास बनेगा।

इसमें विभिन्न जिलों से जयपुर में आकर कार्य करने वाली अल्प-पारिश्रमिक प्राप्त महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें 10 करोड़ रुपए व्यय होंगे। वहीं जोधपुर में 12.60 करोड़ रुपए की लागत से अल्पसंख्यक नागरिक सुविधा केंद्र बनेगा।

### पन्नाधाय पैनोरमा का निर्माण कार्य शुरू

चार करोड़ की लागत से चित्तौड़गढ़ जिले के पाण्डोली में बनने वाले पन्नाधाय पेनोरमा का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। गौरतलब है कि विगत 4 मई को मुख्यमंत्री ने इस पेनोरमा का वर्चुअल शिलान्यास किया था, जिसके उपरांत सोमवार को राजस्थान धरोहर संरक्षण और प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जाड़ावत द्वारा मां पन्नाधाय के पेनोरमा का भूमि पूजन संपन्न कर पूजित शीला की नींव रखी। मुख्य पैनोरमा भवन के साथ-साथ एक सभागार, हॉल, पुस्तकालय, प्रवेश द्वार, छतरी, स्कल्पचर्स, ऑडियो-वीडियो सिस्टम, शिलालेख तथा विभिन्न आर्ट वर्क सहित अनेक कार्य करवाए जाएंगे।

### फ्लाईओवरों का काम बंद करने के दिए निर्देश

फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के चलते आए दिन जयपुर-अजमेर रोड पर लगने वाले ट्रैफिक जाम को लेकर जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला किया है। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने एक आदेश जारी कर एनएचएआई के परियोजना निदेशक को जयपुर-अजमेर रोड पर स्थित फ्लाईओवरों का निर्माण कार्य बंद करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एनएचएआई प्रबंधन को उपयुक्त डायवर्जन की व्यवस्था किए जाने तक सांवरदा, महला, मोखमपुरा और पूतली कट पर फ्लाई ओवरों के जारी समस्त निर्माण कार्यों को बंद करने के लिए निर्देशित किया है। आदेशों की पालना ना होने की स्थिति में दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



### किसानों को 23.79 करोड़ रुपए का मिलेगा अनुदान

प्रदेश के किसानों को फल और मसाला बगीचे की स्थापना पर अनुदान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अनुदान के लिए 23.79 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। वर्ष 2023-24 में 7609 हेक्टेयर क्षेत्र में फल बगीचे के लिए 22.40 करोड़ रुपए और 2527 हेक्टेयर क्षेत्र में मसाला बगीचे के लिए 1.39 करोड़ रुपए का अनुदान दिया जाएगा।

वर्ष: 2 | अंक: 211 जयपुर, मंगलवार, 11 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- नवमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak



@ सीकर रोड

फोटो: पंकज शर्मा

**बारिश का कहर:** प्रदेश का जनजीवन अस्त-व्यस्त, दो जिलों के स्कूलों में छुट्टी... जगह-जगह ट्रैफिक जाम

# सड़कों व गलियों में सैलाब

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेशभर में मानसूनी बारिश का दौर जारी है। राज्य की करीब दो दर्जन जगहों पर सोमवार को बादल जमकर बरसे। जहां एक तरफ तेज बारिश से सड़कें-गलियां दरिया बनने से निचली बस्तियों के घरों और कई सरकारी दफ्तरों में पानी घुस गया, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज बारिश और जल प्लवन के हालात के मद्देनजर जालोर और सिरोही में मंगलवार को स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। वहीं, प्रशासन की ओर से सभी जगहों पर एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। लगातार बारिश के चलते एक ही दिन में चार जिलों में पांच मौतें भी हुई। इधर, राजधानी समेत कई जिलों में सोमवार को भी सड़कें और निचली बस्तियां जलमग्न हो गईं।

■ पेज 3-8 भी देखें

## जयपुर में देर रात से दोपहर तक 4 इंच बरसात



*जालोर में आरोपी को कोर्ट ले जाती पुलिस।*

### राजधानी... नाले में बहने से बच्चे की मौत

राजधानी में रविवार देर रात से शुरू हुई बारिश सोमवार को दोपहर तक चली। शहर में सीकर रोड पर पानी के तेज प्रवाह में बहने से सात वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। शहर के नालों सहित ड्रैनेज सिस्टम तक पानी के दबाब को सहन नहीं कर पाए। इससे पानी ओवर फ्लो होकर अस्पतालों, सरकारी दफ्तर और दुकानों में पानी भर गया। शहर में कई चौराहों पर जलजमाव होने से सुबह से ही जाम लग गया जिसके बाद दोपहर तक यातायात रेंगता रहा। दोपहर बाद बरसात रुकी और गलियों में पानी उतरा तब लोग रोजमर्रा का सामान लेने के लिए घरों से बाहर निकले। इस दौरान राजधानी में सुबह 8:30 बजे तक तक 62.6 और शाम 5:30 बजे तक 51.8 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई।

### बीसलपुर बांध में आया 9 सेमी. और पानी

राजधानी के प्रमुख जल स्रोत टोंक के बीसलपुर बांध में सोमवार को 9 सेमी. पानी आया। इसका जलस्तर 313.40 आरएल मीटर पर पहुंच गया। इसके अलावा इसकी सहायक त्रिवेणी नदी का गेज सोमवार को 2.80 मीटर पर बही। गौरतलब है कि बीसलपुर बांध की कुल भराव क्षमता 315.50 आरएल मीटर है।

### 5 लोग हुए काल कवलित

प्रदेशभर के चार जिलों में वर्षा जनित हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई। इनमें अजमेर में 2, प्रतापगढ़, अलवर और जयपुर में 1-1 व्यक्ति की मौत के समाचार हैं।

### फॉयसागर 48 साल बाद ओवरफ्लो

अजमेर जिले के फॉयसागर बांध में 1975 के बाद इस बार रिकॉर्ड पानी की आवक हुई। इससे सोमवार को यह ओवरफ्लो हो गया। गौरतलब है कि अजमेर जिले में पिछले 24 घंटों में 77. 8 एमएम बारिश हुई। जिससे इस शहर के बाजारों से लेकर अस्पताल और स्कूलों तक में पानी भर गया।

### आज तीन जिलों में अतिभारी बारिश

मौसम केंद्र जयपुर की ओर से मंगलवार के लिए बारां, कोटा और झालावाड़ जिले में अतिभारी (115.6 से 204.4 एमएम) तथा बांसवाड़ा, बूंदी, डूंगरपुर, टोंक और सवाईमाधोपुर में भारी बारिश (64.5- 115.5 एमएम) होने का अलर्ट जारी किया गया है।

### सिरोही में 18 सेमी से अधिक बारिश

प्रदेश सोमवार को सर्वाधिक बारिश सिरोही में 189 एमएम दर्ज हुई। अलवर में 120.2, जयपुर में 103, अजमेर में 77.8, उदयपुर के डबोक में 96.9 मिमी के अलावा दर्जन भर जगहों पर 50 एमएम से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई।

## पीएम मोदी ने की समीक्षा सुक्खू व धामी से की बात



@ मंडी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में अत्यधिक बारिश से पैदा हुई स्थिति की समीक्षा की। पीएमओ ने एक ट्वीट में यह जानकारी दी। बाद में प्रधानमंत्री ने बारिश से सर्वाधिक प्रभावित हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बात की तथा उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। दरअसल, उत्तर भारत में मूसलाधार बारिश के कहर से देश के कई राज्य प्रभावित हुए हैं। हिमाचल प्रदेश भारी बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है, जहां भूस्खलन से चार और लोगों की मौत हो गई तथा 200 से ज्यादा लोग फंसे हैं। सुक्खू ने कहा कि पिछले दो दिन में राज्य में बारिश से संबंधित घटनाओं में 16 या 17 लोगों की मौत हुई है।

## जरूरी खबर

### अल्पसंख्यक अंग्रेजी मीडियम आवासीय स्कूल जयपुर में जल्द



**जयपुर।** अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थी अब महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम के आवासीय विद्यालय में पढ़ाई कर सकेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 15.15 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इस वित्तीय वर्ष में 1 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। यह राशि अल्पसंख्यक समावेशी विकास कोष से व्यय होगी। यह आवासीय विद्यालय 200 विद्यार्थी क्षमता का होगा। इसमें जरूरतमंद एवं प्रतिभावान अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को फ्री आवासीय सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

### कृष्ण जन्मभूमि के सर्वेक्षण संबंधी याचिका खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट की एक याचिका सोमवार को खारिज कर दी। इस याचिका के जरिए विपक्षी पक्ष द्वारा दायर वाद निर्णय से पहले जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह के सर्वेक्षण के आवेदन पर निर्णय के निर्देश देने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने दलीलें सुनने के बाद यह याचिका खारिज कर दी।

**सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 50 लाख लाभार्थियों को सौगात**

# सीएम गहलोत आज करेंगे बैंक खातों में 1,005 करोड़ ट्रांसफर

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार एक बार फिर प्रदेश के लोगों को राहत देने जा रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राज्य स्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना लाभार्थी संवाद कार्यक्रम के तहत मंगलवार को 50 लाख से अधिक लाभार्थियों के बैंक खातों में 1005 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर करेंगे। मई व जून माह की पेंशन की यह यह राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।

सीएमआर पर दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में सीएम गहलोत लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिलों में भी जिला स्तरीय लाभार्थी संवाद कार्यक्रम भी होंगे।

### CM दोपहर 12 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कार्यक्रम में होंगे शामिल



### राजस्थान पेंशन स्वीकृति वाला प्रथम राज्य

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि राज्य में 7 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत यह पेंशन दी जा रही है। वर्तमान में 93.50 लाख व्यक्तियों को इसका लाभ मिल रहा है। बिना मानवीय हस्तक्षेप के स्वतः पेंशन स्वीकृति जारी करने वाला राजस्थान देश में एकमात्र राज्य है।

**महंगाई का साइड इफेक्ट**

# मुहाना मंडी से टमाटर के छह कैरेट व 2 बोरी अदरक चोरी

**बेधड़क** | जयपुर

टमाटर के आसमान छूते भावों के कारण टमाटर चोरों के निशाने पर है। दरअसल, राजधानी जयपुर स्थित मुहाना सब्जी मंडी से चोर 6 कैरेट टमाटर और 2 बोरी अदरक चुराकर ले गए।

सोमवार को इस घटना का सीसीटीवी सामने आया, जिसमें मास्क लगाए दो चोर मंडी के स्टोर में घुसे। जहां से उन्होंने 150 किलो टमाटर और 350 किलो अदरक चोरी की। इन दोनों की कीमत करीब 56 हजार रुपए थी।

व्यापारियों का कहना है कि पुलिस की गश्त निरंतर नहीं होती, जिससे महंगी सब्जियों की चोरी होनी शुरू हो गई है।

मुहाना फल सब्जी मंडी टर्मिनल के अध्यक्ष राहुल तंवर ने बताया कि हमने कई बार पुलिस को इस बारे में कहा है, लेकिन कोई सुनता नहीं है। सब्जी मंडी में आने-जाने के कई दरवाजे हैं, जो अक्सर खुले रहते हैं। ऐसे में चोर सब्जी चोरी करके उसे बाजार में बेच कर निकल जाते हैं। टमाटर और अदरक के भावो के बढ़ने के कारण चोरों ने इन्हें अपना निशाना बनाया है।



**भाजपा का विजय संकल्प में महामंथन**

# मोदी के नाम व कमल निशान पर निकलेगी परिवर्तन यात्रा

- एक के नहीं, सामूहिक नेतृत्व पर निकाली जाएंगी यात्राएं
- एक अगस्त को जयपुर में होगा बड़ा प्रदर्शन
- बीएल संतोष ने दिया एकजुटता, संगठन की ताकत का मंत्र

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा राजस्थान में 2003 की तर्ज पर एक बार फिर परिवर्तन यात्रा निकालने जा रही है। इस बार यह यात्रा किसी नेता के चेहरे पर नहीं, बल्कि सामूहिक नेतृत्व में निकाली जाएगी। यात्रा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा होगा और प्रचार में कमल का निशान। सवाईमाधोपुर के नाहरगढ़ होटल में दो दिन चले विजय संकल्प महामंथन में इसको लेकर रणनीति बनी। साथ ही, एक अगस्त को जयपुर में बड़े प्रदर्शन के साथ जिला और तहसील स्तर तक सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू करने का निर्णय किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष की मौजूदगी में सोमवार को हुए आठ सत्रों में संगठन, चुनावी रणनीति, चुनाव प्रबंधन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। संतोष ने संगठन का रिपोर्ट कार्ड देखा, वहीं नेताओं को एकजुटता की नसीहत देते हुए कहा कि पार्टी से बड़ा कोई नहीं है।



### पूर्व में दिखी गुटबाजी पर जताई नाराजगी

भाजपा का राष्ट्रीय नेतृत्व पहले ही इस बात को स्पष्ट कर चुका है कि इस बार विधानसभा चुनाव 2023 में बीजेपी पीएम मोदी के चेहरे पर लड़ेगी। सूत्रों की मानें तो बीजेपी के संतोष ने विजय संकल्प में पार्टी के तमाम बड़े नेताओं को इस बात की हिदायत दे दी है कि वह एकला चलो, की राह पर नहीं चले, बल्कि सामूहिक रूप से मौजूदा सरकार को घेरा जाए। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों पार्टी में दिखी गुटबाजी को लेकर बीएल संतोष ने नाराजगी जताई और भविष्य में संगठन के किसी भी कार्यक्रम से दूरी नहीं बनाने के निर्देश दिए।

### पार्टी के कार्यक्रमों में सामूहिकता जरूरी

संतोष ने साफ कर दिया कि आगामी दिनों में पार्टी की ओर से कई तरह की गतिविधियों हों, जिसमें सामूहिकता अनिवार्य होगी। बैठक में यह भी तय हुआ कि आगामी दिनों में सरकार के खिलाफ पेपर लीक, महिला अत्याचार, भ्रष्टाचार, रोजगार, किसान कर्ज माफी सहित तमाम मुद्दों को लेकर सभी जिला मुख्यालय से लेकर तहसील स्तर तक बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाए। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने सोमवार को बताया कि कर्ज माफी के नाम वादा खिलाफी का शिकार हुए किसान 12 जुलाई को झुंझनूं में सरकार का महाघेराव करेंगे। वहीं, 18 जुलाई को अजमेर में आरपीएससी के बाहर युवा गहलोत सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेंगे।

## जरूरी खबर

### मीणा आदिवासी एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष बने



**अजमेर।** राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच नई दिल्ली के महासचिव राकेश मीणा और यशवंत सिंह दरबार ने अजमेर निवासी प्रकाश मीणा को प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। मीणा की नियुक्ति होने पर अजमेर के लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। मीणा ने कहा कि वह आदिवासियों के हक के लिए सदैव लड़ते रहेंगे और संस्था के निर्देशानुसार काम करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मीणा को 15 दिन में प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा करने के निर्देश दिए हैं। प्रकाश मीणा पूर्व में भी कई सामाजिक संगठनों ने प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर पदाधिकारी रहे हैं।

### नदी में बहे युवक का 14 घंटे बाद मिला शव

**पाली।** जिले के मारवाड़ जंक्शन उपखंड मुख्यालय के निकट लोलावास सड़क पर रविवार शाम 7 बजे बाइक सहित नदी के तेज बहाव में बहे युवक का शव सोमवार को 14 घंटे बाद नदी से बाहर निकाला गया। थानाधिकारी पन्नालाल प्रजापत के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने 14 घंटे तक लगातार रेस्क्यू किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी पंकज कुमार जैन, तहसीलदार सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। थानाधिकारी ने बताया कि नदी को पार करते समय दुदोड़ गांव निवासी सरवन कुमार (28) पुत्र पेमाराम नदी के तेज बहाव में बह गया था।

### देसी शराब के 1344 पव्वे जब्त, तस्कर फरार



**झालावाड़।** जिले की डग पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब की ब्रिकी पर बड़ी कार्रवाई कर भारी मात्रा में अवैध देशी शराब के पव्वे बरामद किए हैं। पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही कार चालक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि पुलिस थाना डग की ओर से अवैध देशी शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सोमवार को मुखबीर की सूचना पर गोविन्दपुरा रोड पर एक कार से 28 कॉर्टन में रखे देसी शराब के 1344 पव्वे जब्त किए गए। वहीं कार भी बरामद की गई।

**डायबिटीज सोसाइटी राजस्थान चैप्टर की ओर से** ‘डायबिटीज में इंसुलिन थेरेपी व ओबेसिटी’ पर हुआ व्याख्यान

# रोगी इन्सुलिन से घबराए नहीं, इसे सही समय पर शुरू करें

बेधड़क | अलवर

डायबिटीज सोसाइटी, राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष व कोटा के सीनियर फिजिशियन डॉ. गिरीश माथुर ने बताया कि ‘डायबिटीज में इंसुलिन थेरेपी व ओबेसिटी’ के विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए आरएसएसडीआई की ओर से जिलास्तरीय सीएमई सीरीज के द्वितीय सत्र का आयोजन अलवर के एक सेमिनार हॉल में किया गया।

आरएसएसडीआई के सेक्रेटरी डॉ. जीडी रामचंदानी ने बताया कि कार्यक्रम में अलवर जिले के करीब 45 डायबिटीज विशेषज्ञ व फिजिशियन्स सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जयपुर के एसएमएस अस्पताल के सीनियर प्रोफेसर व डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. पुनीत सक्सेना ने डायबिटीज मरीजों में इन्सुलिन की सही समय पर शुरुआत करने के फायदों पर चर्चा की। वहीं सीनियर मेटाबोलिक फिजिशियन डॉ. प्रद्युम्न शर्मा ने ओबेसिटी यानी मोटापे की गंभीर समस्या पर अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में ओबेसिटी पर परिचर्चा सत्र का आयोजन हुआ।

इसमें मुख्य पैनलिस्ट अलवर के सीनियर फिजिशियन डॉ. जीएस सोलंकी, डॉ. एएस माथुर, डॉ. प्रेम मित्तल, व एसएमएस अस्पताल के सीनियर स्पेशलिस्ट डॉ. एस एस दरिया रहे।

सेमिनार की अध्यक्षता अलवर के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. परविंदर सिंह, डॉ. हरीश गुप्ता व डॉ. एससी मित्तल ने की।



### मोटापे के प्रति ज्यादा सचेत रहने की आवश्यकता

ओबेसिटी परिचर्चा का संचालन करते हुए डॉ. प्रद्युम्न शर्मा ने शुगर की बढ़ती हुई समस्या के बारे में कहा कि लोगों को मोटापे की बीमारी के प्रति ज्यादा सचेत रहने की आवश्यकता है। डॉ. सोलंकी व डॉ. दरिया ने मोटापे की बीमारी में अडिपॉसाईट्स की भूमिका, बचाव व उपचार में व्यायाम व बिहैवियर थेरेपी की महत्ता पर विचार रखे। सेमिनार के मुख्य संयोजक अलवर के डॉ. योगेश चौधरी व जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल के डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि सीएमई के गेस्ट ऑफ ऑनर एपीआई व राजस्थान आरएसएसडीआई के पूर्व अध्यक्ष व कोटा से सीनियर फिजिशियन डॉ. केके पारीक व डॉ. गिरीश माथुर थे।

### इन्सुलिन आसान और सुरक्षित

डॉ. पुनीत सक्सेना ने अपने व्याख्यान में कहा कि डायबिटीज रोगियों को इन्सुलिन से डरने की जरूरत नहीं, क्योंकि ये आसान और सुरक्षित है। इसके शरीर पर गलत प्रभाव भी नहीं होते। यह एक गलत सोच है कि सेहत के लिए इन्सुलिन खराब है। इन्सुलिन एक हार्मोन है, जिसे सही समय पर सही तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए। टाइप-1 डायबिटीज मरीज को शुरूआत से ही इंसुलिन की ज़रूरत होगी, क्योंकि यह जान बचाने के लिए जरूरी है। जबकि टाइप-2 डायबिटीज में शुरूआत में दवाओं के साथ नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन जैसे-जैसे अग्न्याशय या पैंक्रीज कमजोर हो जाते हैं, शरीर में इन्सुलिन का उत्पादन घटने लगता है। उन्होंने चिकित्सकों से मरीजों को उनके वजन व एचबीए-1 सी के अनुसार निर्धारित पर्याप्त डोज में इन्सुलिन आरंभ करने की सलाह दी।

**आधी रात में हुई वारदात,** सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

# बाजार में लगे पीएनबी बैंक के एटीएम को उखाड़ ले गए चोर

बेधड़क | बीकानेर

जिले के नोखा थाना क्षेत्र में स्थित बाजार में लगे पीएनबी बैंक का एटीएम बदमाश उखाड़ कर ले गए। यह घटना रविवार देर रात से लेकर तड़के सुबह के बीच घटित हुई। नोखा के अंबेडकर सर्किल के पास लगे पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम पर लगे कांच को भी बदमाशों ने तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद बैंक अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पुलिस की वारदात की सूचना दी।

इसके बाद नोखा थाना अधिकारी ईश्वर प्रसाद मौके पर पहुंचे। फिलहाल पुलिस मौका मुआयना कर मामले की जांच में जुटी गई है। थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद ने बताया कि अब बाजार खुलने के बाद आस-पास के इलाकों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर बदमाशों का पता लगाने का प्रयास किया जाएगा। बताया जा रहा है कि नोखा के अंबेडकर सर्किल पर लगा एटीएम बाजार के बीच में है। इस तरह से बाजार के बीचोंबीच लगे एटीएम एटीएम को उखाड़ कर ले जाने की घटना से लोग हैरान और अचंभित हैं।

वहीं पुलिस के लिए भी यह एक बड़ी चुनौती है। नोखा थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद से जब एटीएम में नकदी को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि फिलहाल बैंक ने इस बारे में जानकारी नहीं दी है। बैंक खुलने के बाद ही बैंक अधिकारियों ने इसके बारे में जानकारी देने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**वारदात के समय आरोपियों ने एटीएम बूथ के शीशे भी तोड़े**



### संदिग्ध वाहनों पर नजर

घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आस-पास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया है। वहीं कुछ संदिग्ध गाड़ियों को भी पुलिस ने चयनित शॉर्ट लिस्ट किया है। इन संदिग्ध वाहनों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। थानाधिकारी ने बताया कि फिलहाल पुलिस की जांच पड़ताल जारी है और अभी तक कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

खेत में टूटी पड़ी मिली आलमारी

## चोर फ्लिपकार्ट डिलीवरी पॉइंट से ढाई लाख ले उड़े

बेधड़क | बूंदी

जिले में पिछले कुछ समय से लगातार हो रही चोरी की वारदातें पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बन रही हैं। जिलेभर मे अलग-अलग जगहों पर हुई चोरी की वारदातों का पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। इसी बीच रविवार रात को चोरों ने देवपुरा में चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

चोर यहां फ्लिपकार्ट डिलीवरी पॉइंट से ढाई लाख रुपए की नकदी ले उड़े। सोमवार सुबह लोगों ने चोरी की वारदातों को लेकर आक्रोश जताया। जानकारी के अनुसार चोर फ्लिपकार्ट डिलीवरी पॉइंट के शटर का ताला तोड़कर अंदर घुसे और वहां रखी अलमारी को उठा ले गए। सुबह लोगों ने ताले टूटे देखे तो डिलीवरी पॉइंट के संचालक को इसकी जानकारी दी। संचालक ने बताया कि अलमारी में 3-4 दिन का कलेक्शन रखा था, जो करीब ढाई लाख रुपए था।

फ्लिपकार्ट पॉइंट से चोरी की गई अलमारी पास के खेत में पड़ी थी। उसे तोड़कर चोर ढाई लाख रुपए की नकदी ले गए। संचालक की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच में जुटी है।

**पूर्व सरपंच है गिरोह का सरगना**

## डकैती गिरोह के पांच शातिर धरे, लाखों के आभूषण बरामद



बेधड़क | बांसवाड़ा

जिले की कोतवाली पुलिस ने डकैती गिरोह के पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह का सरगना एक पूर्व सरपंच है, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। एसपी अभिजीत सिंह ने बताया कि डीएसपी सूर्यवीर सिंह और उनकी टीम को सूचना मिली थी कि कुछ लोग बांसवाड़ा में डकैती डालने की साजिश रच रहे हैं।

इसके बाद बांसवाड़ा शहर के बाहरी हिस्से में स्थित कागदी पिकअप क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई। यहां एक संदिग्ध बोलेरो मिलने पर दो बदमाशों को पकड़ लिया वहीं तीन बदमाश पहाड़ियों में भाग गए। वहां गिरने से उनको चोट भी लगी है। बाद में पुलिस ने उनको भी दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि गिरोह का सरगना पूर्व सरपंच है। पुलिस ने इस मामले में सालिया के पूर्व सरपंच गना पुत्र देवा चरपोटा निवासी कांकरा को भी आरोपी बनाया है।

सेवना निवासी रामसिंह, झरी निवासी 28 वर्षीय हरीश और इसी गांव के परमेश, छोटा डूंगरा निवासी हरीश वरसेंग, नयागांव से सूरज को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से सोने व 5 किलो 640 ग्राम चांदी के आभूषण, 13,177 रुपए नकद, एक तलवार, बोलेरो कार व अन्य आपत्तिजनक सामान जब्त किया गया है।

**पूर्व सीएम व डॉ. किरोड़ी ने** कार्यकर्ताओं के साथ की चर्चा

## सावन के पहले सोमवार पर राजे ने किए त्रिनेत्र गणेशजी के दर्शन

बेधड़क | सवाईमाधोपुर

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने सावन के पहले सोमवार को त्रिनेत्र गणेशजी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। साथ ही उन्होंने त्रिनेत्र गणेशजी के समीप 32 खम्भों की छतरी के नीचे विराजमान प्राचीन शिवलिंग की पूजा व अभिषेक भी किया।

राजे ने लक्ष्मीनाथ मंदिर में ठाकुरजी और जैन मंदिर में संभवनाथ भगवान के दर्शन और पूजा-अर्चना की। इस दौरान उनके साथ राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ी लाल मीणा भी मौजूद थे। राजे व डॉ. मीणा ने लक्ष्मीनाथ मंदिर परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान सांसद दुष्यंत सिंह, विधायक कन्हैया लाल चौधरी, पूर्व सांसद नारायण पंचारिया, पूर्व विधायक मान सिंह गुर्जर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**ब्रह्मभोज में शामिल होने जा रहे थे,** पांच की हालत गंभीर

## गोवंश को बचाने के प्रयास में 20 लोगों से भरी पिकअप पलटी, 12 हुए घायल

बेधड़क | भरतपुर

कुम्हेर थाना क्षेत्र में 20 लोगों से भरी एक पिकअप पलट गई। हादसे में पिकअप सवार करीब 12 लोग घायल हो गए। इनमें से पांच घायलों की हालत गंभीर होने पर उनको जिला आरबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सभी लोग अपने रिश्तेदारी में ब्रह्मभोज में शामिल होने के लिए जा रहे थे। हादसे के शिकार लोग भरतपुर के कवई गांव के रहने वाले थे। परिजनों ने बताया कि गांव के रहने वाले वीरेंद्र के रिश्तेदारी में किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी।



इसी को लेकर ब्रह्मभोज का आयोजन किया था। वीरेंद्र और उसके पड़ोसी उसमें शामिल होने के लिए कोसी छाता के पास टप्पल इलाके में जा रहे थे। कुम्हेर के पास उनकी पिकअप गाड़ी के सामने एक गाय आ गई। उसे बचाने के प्रयास में पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे पलट गई। पिकअप में महिलाएं व बच्चे भी सवार थे। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। इसे सुनकर आस-पास के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस की सहायता से जिला आरबीएम अस्पताल पहुंचाया।

इसमें से करीब दस लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं, पांच लोगों की हालत गंभीर होने के चलते उन्हें भर्ती कर लिया गया।

**मंदिर तोड़कर बनाया जा रहा अवैध होटल**

# जाटव समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी, दिखा आक्रोश

■ प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बेधड़क | करौली

जाटव समाज के 90 साल पुराने शिव मंदिर को तोड़ने से समाज में आक्रोश व्याप्त है। मंडरायल रोड आंबेडकर सर्किल पर यह मंदिर बना हुआ था। आरटीआई कार्यकर्ता अशोक पाठक के नेतृत्व में कलेक्टर को समाज के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन सौंपकर अवैध निर्माण पर स्टे लगाने की मांग की है।

जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने आरोप लगाया है कि 90 वर्ष पुराने शिव मंदिर को खुर्दखुर्द कर नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि अमीनुद्दीन खान के द्वारा अवैध होटल का निर्माण किया जा रहा है। इस मामले में जाटव समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि आंबेडकर पार्क के पास भट्टा पुलिया पर जाटव समाज का लगभग 90 वर्ष पुराना शिव मंदिर बना हुआ था। इस पूजा स्थल पर नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि अमीनुद्दीन खान मंदिर को हटाकर होटल का निर्माण करा रहे हैं, जिससे जाटव समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।

शिव मंदिर के मामले में जाटव समाज के लोगों ने संभागीय आयुक्त कोटा में परिवाद दिया, जिसमें आयुक्त ने अपने निर्णय में तीन नवम्बर 1997 को शिव मंदिर को डॉक्यूमेंट में यथावत माना है और मंदिर में जाने के लिए पांच फीट का चौड़ा रास्ता छोड़ने के लिए नगर पालिका करौली को जाटव समाज के पक्ष में आदेश दिया गया है।



### अवैध निर्माण रुकवाने की मांग


शिव मंदिर को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता अशोक पाठक और फूलचद जाटव ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि इस अवैध निर्माण को रुकवा कर जो शिव मंदिर को तोड़ा गया है, उस मामले में कार्रवाई की जाए। अगर कार्रवाई नहीं की गई तो जाटव समाज आंदोलन करेगा। इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस दौरान भाजपा नेता गजेंद्र भारद्वाज, केके बंसल, रामस्वरूप, रिंकू चतुर्वेदी, पप्पू, हेमराज, रामेश्वर, मुकेश सोनी, विजय जाटव, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाथरूम में घुसा सांप ब्लैक कोबरा, देखते ही होश उड़े

बेधड़क | कोटा

काला तालाब स्थित चंद्रसेन रोड इलाके के एक मकान में बाथरूम में 5 फीट लंबा ब्लैक कोबरा फन फैलाकर बैठ गया। जैसे ही व्यक्ति बाथरूम में गया तो कोबरा को देखकर उसके होश फाख्ता हो गए। करीब 1 घंटे तक परिवार के लोग दहशत में रहे। सूचना पर स्नैक केचर गोविंद शर्मा ने मौके पर पहुंचकर कोबरा को रेस्क्यू किया।

फिर सुरक्षित जंगल में छोड़ा। गोविंद शर्मा ने बताया कि खारी बावड़ी निवासी राधेश्याम जांगिड़ के मकान में सांप घुस गया। रात को करीब परिवार का एक सदस्य बाथरूम में फ्रेश होने गया। बाथरूम की कुंडी लगाकर कमोड पर बैठ गया। जैसे ही फ्लश चलाने के लिए पीछे हाथ घुमाया तो वहां कोबरा नजर आया। 5 फीट लंबे ब्लैक कोबरा को देखकर होश उड़ गए। दहशत के मारे बाथरूम से बाहर आकर कुंडी लगा दी। स्नैक केचर शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर गया और 5 मिनट की मशक्कत के बाद सांप को रेस्क्यू किया। उस दौरान मकान में 3 से 4 व्यक्ति मौजूद थे।



सांप को रेस्क्यू करने के बाद परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली। उन्होंने बताया कि बारिश और गर्मी में हीट से परेशान होकर सांप अपने बिलों से बाहर आते हैं।




@ जौहरी बाजार
फोटो: पंकज शर्मा

## सावन के पहले सोमवार को इंद्रदेव मेहरबान ...

# 4 इंच की बारिश में 'डूबा' सिस्टम

*बेधड़क.जयपुर। राजधानी जयपुर में रविवार रात से सोमवार दोपहर तक इतनी बरसात हुई कि शहर की सड़कें दरिया बन गई और नगर निगम का ड्रैनेज सिस्टम एक फिर फेल साबित हुआ। सड़क, घर-दफ्तर, मंदिर, अस्पताल सहित सब जगह पानी-पानी हो गया। सोमवार सुबह करीब साढ़े सात बजे से शुरू हुई बरसात दोपहर 12 बजे बाद जाकर थमी। इससे जनजीवन थम सा गया। बरसात के कारण कर्मचारी ऑफिस में समय से नहीं पहुंच सके, वहीं स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के मुताबिक, जयपुर में सुबह 8:30 तक 62.6 और शाम 5:30 बजे तक 51.8 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। शहर के सीकर रोड, एमआई रोड, परकोटे के सुभाष चौक, ब्रह्मपुरी, जौहरी बाजार, सिरसी रोड, खिरणी फाटक, वैशाली नगर, सी स्कीम, मानसरोवर, अजमेर रोड, दिल्ली रोड के इलाके कई इलाके जलमग्न हो गए। सड़कों पर पांच फीट से अधिक पानी होने के कारण कई वाहनों के इंजन जाम हो गए।*


@ चौमूं पुलिया

### ओवरफ्लो हुई द्रव्यवती नदी

बारिश से द्रव्यवती नदी भी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने लग गई। इससे महारानी फार्म पर वाहनों को जाम लग गया। सहकार मार्ग पर नव निर्मित बिल्डिंग की जमीन धंस गई। मौके पर काम कर रहे मजदूरों के तुरंत बाहर निकलने से बड़ा हादसा टल गया।


@ द्रव्यवती बेकाबू

- **शहर का ड्रैनेज सिस्टम एक बार फिर हुआ फेल, निचले इलाकों में भरा पानी**
- **सड़कों पर बहा समंदर, दुकानों और अस्पतालों में घुसा पानी, जगह-जगह जाम**



### मुरलीपुरा में 7 साल का बालक बहा, मौत

मुरलीपुरा इलाके में रोड नंबर 6 के पास स्थित शेखावाटी नगर में 7 वर्षीय ऋषि मेहतो की नाले में बहने से मौत हो गई। सड़क पर बहता हुआ बच्चा दिखाई देने पर लोगों ने उसे 500 मीटर के बाद ही बाहर निकाल लिया। लोग उसे निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। अस्पताल ने इलाज के लिए मना कर दिया, इसके बाद उसे दूसरे अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर्स ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी हवासिंह ने बताया कि सुबह भारी बारिश के दौरान नाले उफान पर थे, इसी दौरान बच्चे की चप्पल बह गई। उसे लेने की कोशिश में वह पानी में बह गया। परिवार वालों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव होने से वह निकल नहीं पाया। घटना के बाद लोग आक्रोशित हो गए और सीकर रोड पर जाम लगाने का प्रयास किया। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने समझाइश कर मामला शांत कराया और आमजन को जाम लगाने से रोका। बच्चे के पिता महावीर महतो सहित स्थानीय लोगों ने 20 लाख रुपए मुआवजे की मांग की। एसडीएम साउथ मुक्ता राव ने 10 लाख रुपए और एक डेयरी देने का आश्वासन दिया। मौके पर ही स्थानीय लोगों ने बालक के परिवार को आर्थिक संबल दिया।


@ एसएमएस अस्पताल

### SMS में पानी ही पानी

प्रदेश के सबसे बड़े एसएमएस, कांवटिया, ट्रोमा, जेकेलोन, जनाना, जयपुरिया अस्पताल तक में बारिश का पानी जा पहुंचा। कहीं मरीज फिसल कर घायल हुआ तो कहीं वार्ड से मरीजों को शिफ्ट करना पड़ा। पानी से वार्ड के अंदर रखी दवाइयां खराब हो गई। मिनी ऑपरेशन थियेटर में बारिश का पानी आ गया। एसएमएस अस्पताल के बाहर स्थित इमरजेंसी के पास वाले गेट के पास रखा बायोमेडिकल वेस्ट टोंक रोड पर बहता नजर आया।


@ पानी में फंसी एंबुलेंस

### कलेक्टर ने लिया जायजा

शहर में भारी बारिश के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीकर रोड, ढेहर के बालाजी, निवारू रोड, झोटवाड़ा, पांच्यावाला, सिरसी रोड, गिरधारीपुरा, अजमेर रोड, जवाहर नगर और परकोटे क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। उनके साथ एसडीएम शंकर लाल सैनी भी उपस्थित रहे।


@ अजमेर रोड

### सचिवालय में गिरा प्लास्टर

बारिश के कारण सचिवालय में आपदा सचिव पीसी किशन के कक्ष में पानी भर गया। इसी तरह सचिवालय परिसर में ही स्थित कॉपरेटिव सोसायटी कक्ष में छत का प्लास्टर एक कर्मचारी के सिर पर गिर गया। इससे उसके सिर में चोट आई है।

**सावन के पहले सोमवार को भक्तों ने किया भोले बाबा का जलाभिषेक**

# छोटी काशी हुई शिवमय, शहर के मंदिरों में हर-हर महादेव का उद्घोष

**बेधड़क** | जयपुर

श्रावण मास के पहले सोमवार पर छोटी काशी शिवमय हो गई। सुबह से हुई बारिश के बीच भी दिनभर मंदिरों में महादेव को जल चढ़ाने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। अलसुबह से शहर के प्रमुख ताड़केश्वर, झाड़खंड, जंग्लेश्वर महादेव, चमत्कारेश्वर, भूतेश्वर महादेव, धूलेश्वर सहित अन्य शिवालयों में हर-हर महादेव का उदघोष के बीच जलाभिषेक करने की भक्तों में होड़ नजर आई।

मंदिर प्रबंधनों की ओर से भक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। पूजन सामग्री भी कुछ मंदिरों में निशुल्क मुहैया करवाई गई। ताड़केश्वर महादेव मंदिर में नारियल की विशेष झांकी सजाई गई। वहीं शहर के प्रमुख तीर्थ गलता से कांवड़िए जल लेकर आए और भगवान शिव का जलाभिषेक किया।






### मंत्री ने किया रामेश्वरजी मंदिर में जलाभिषेक

सावन के पहले सोमवार पर देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत ने आमेर स्थित रामेश्वरजी मंदिर में सहस्त्रधारा रुद्राभिषेक किया। उन्होंने रुद्रीपाठ के उच्चारण के बीच विधि-विधान के साथ रुद्राभिषेक किया और प्रदेश में समृद्धि एवं अच्छी वर्षा की कामना की। उन्होंने कहा कि श्रावण के पहले सोमवार को ही भगवान शिव की कृपा हुई है और इंद्रदेव ने चहुं ओर अच्छी बारिश के रूप में खुशियां बरसाई है। देवस्थान मंत्री ने कहा कि विभाग के अधीन शिवालयों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रुद्राभिषेक आयोजित किए जा रहे हैं। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को यह कार्यक्रम आयोजित होंगे।



### नंदन कानन योजना के तहत हो रहा पौधरोपण

मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के 'सेवा ही कर्म-सेवा ही धर्म' की मंशा के साथ आगे बढते हुए देवस्थान विभाग द्वारा प्रदेश में धार्मिक स्थलों के विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने विभाग की नंदन कानन योजना के बारे में बताया कि योजना के जरिए विभाग के अधीन सभी मंदिरों में पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जिन मंदिरों में कच्ची मिट्टी भूमि एवं पानी की पर्याप्त उपलब्धता है वहां तुलसी, अपराजिता, पीपल, बीलपत्र, सदाबहार, चमेली, आंवला जैसे पेड़-पौधे लगाए जा रहे हैं। इन पेड़-पौधों से भक्तों को मंदिर परिसर में ही पूजा करने हेतु पुष्प भी उपलब्ध हो पाएंगे। मंदिर प्रशासन इनकी पौधों की देखभाल करेगा।

## कनाडा-अमेरिका में खतरनाक होते हालात

# खालिस्तान समर्थकों पर अंकुश जरूरी



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार

आजकल कनाडा हो या अमेरिका में खालिस्तान समर्थकों ने उत्पात मचा रखा है। हालात इस बात के सबूत हैं कि वहां बीते दिनों खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों से स्थिति न केवल बिगड़ती जा रही है, बल्कि यों कहें कि वहां के हालात दिन ब दिन खतरनाक होते जा रहे हैं। वहां के स्थानीय प्रशासन ही नहीं, समूची दुनिया की चिंता की असली वजह भी यही है। कारण यह कि यदि इस पर जल्दी लगाम नहीं लगी तो इसके दूरगामी परिणाम काफी भयावह हो सकते हैं।

वैदेशिक मामलों के जानकारों की चिंता का अहम कारण यही है। इस मामले में वहां की सरकारों की विवशता की असली वजह यह भी है कि यदि वह कड़ाई से इस समस्या को हल करने का प्रयास करती हैं तो उसे वहां के नागरिक अधिकारों के खिलाफ माना जाएगा। जबकि हकीकत यह है कि ऐसे संगठन और उनसे जुड़े लोग अक्सर सरकारों की इस कमजोरी का लाभ उठाते हुए इस तरह की आतंकी गतिविधियों को अंजाम देकर सरकारों के लिए मुसीबत पैदा करते हैं। ताजा घटना अमेरिका के सैनफ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास की है जहां न केवल तोड़फोड़ की गई, बल्कि उसमें आग भी लगा दी गई। दूसरी वारदात कनाडा की है जहां खालिस्तान समर्थकों ने दो भारतीय राजनयिकों की तस्वीर वाले पोस्टर लगाए। दरअसल खालिस्तान समर्थक भारतीय राजनयिकों को पिछले दिनों कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की एक गुरुद्वारा में गोली मारकर की गई हत्या का दोषी मान रहे हैं। इससे पहले ब्रैम्पटन में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से जुड़ी झांकी निकालने की घटना हुई थी। इसके दृश्य सोशल मीडिया पर आने के बाद भारत ने कनाडा को चेताया था। भारत ने उस समय कनाडा सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए कहा था कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर आतंक और चरमपंथियों को शरण देना बंद करना चाहिए। यह प्रवृत्ति बेहद खतरनाक है।

> भारत सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और कनाडा के हाई कमिश्नर को समन किया है। कनाडा के अधिकारियों ने राजनयिकों की सुरक्षा का वादा किया है। उनके अनुसार कनाडा में जो हुआ है, उसमें वहां के पूरे समुदाय कहें या कनाडा की सहमति नहीं है। वहीं दूसरी ओर अमेरिकी सरकार से भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संतोष इस बात का है कि इन घटनाओं पर कनाडा और अमेरिकी सरकार ने फिलहाल कार्रवाई की बात कही है। असलियत यह है और दुखदायी भी कि ऐसी घटनाओं पर दोनों ही देश की सरकारों का रवैया अभी तक बेहद निराशाजनक रहा है। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी आजतक दोनों ही सरकारें इस बाबत कोई कार्रवाई करने में नाकाम साबित हुई हैं।

गौरतलब यह है कि सैनफ्रांसिस्को में भारतीय दूतावास में की गई तोड़फोड़ और आगजनी की बारदात का एक फोटो व वीडियो शेयर किया गया था। उसके साथ निज्जर की हत्या से जुड़ी समाचार पत्रों की कतरनें भी शामिल की गई थीं। हकीकत यह भी है कि इससे कोई जान-माल का नुकसान तो नहीं हुआ और लगाई आग पर भी तुरंत काबू पा लिया गया। साथ ही सभी दूतावास के कर्मचारियों को भी कोई नुकसान नहीं होने दिया। यह घटना निःसंदेह बेहद गंभीर और शर्मनाक है। फिर कनाडा में भारतीय राजनयिकों की इस तरह तस्वीर को प्रचारित करना खतरनाक तो है ही, वह इसलिए भी निंदनीय है कि इससे द्विपक्षीय सम्बंधों पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। इससे एक संप्रभु राष्ट्र की प्रतिष्ठा भी प्रभावित होती है। यही वह अहम कारण है कि भारत सरकार ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और कनाडा के हाई कमिश्नर को समन किया है। कनाडा के अधिकारियों ने राजनयिकों की सुरक्षा का वादा किया है। उनके अनुसार कनाडा में जो हुआ है, उसमें वहां के पूरे समुदाय कहें या कनाडा की सहमति नहीं है। वहीं दूसरी ओर अमेरिकी सरकार से भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। संतोष इस बात का है कि इन घटनाओं पर कनाडा और अमेरिकी सरकार ने फिलहाल कार्रवाई की बात कही है। असलियत यह है और दुखदायी भी कि ऐसी घटनाओं पर दोनों ही देश की सरकारों का रवैया अभी तक बेहद निराशाजनक रहा है। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद भी आजतक दोनों ही सरकारें इस बाबत कोई कार्रवाई करने में नाकाम साबित हुई हैं। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देश भी हैं जिनके भारत के साथ बेहद नजदीकी और मधुर सम्बंध हैं। इसके बावजूद वहां की सरकारें इस प्रकार की गतिविधियों पर काबू नहीं पा सकी हैं। अमृत पाल सिंह का प्रकरण इसका जीता जागता सबूत है। हकीकत में अमृतपाल सिंह धर्म की आड़ में सीधे-सीधे कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहा था। उसके बावजूद वहां की सरकारों की चुप्पी समझ से परे है, यही विचारणीय विषय है।

वह बात दीगर है कि अमेरिकी सरकार ने इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की है और इस घटना की तुलना आपराधिक कृत्य से की है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर भले ही यह कहें कि अमेरिका में राजनयिक केन्द्रों या विदेशी राजनयिकों के खिलाफ हिंसा एक जघन्य अपराध है, लेकिन यह भी कटु सत्य है कि कुछ ही महीनों में सैनफ्रांसिस्को में भारतीय राजनयिक मिशन पर हमले की यह दूसरी घटना है। इससे से अधिक चिंता की बात यह है कि अलगाववादी तत्वों ने कैलीफोर्निया के बर्कले में एक रैली बुलाई,जो उनके अगले कदम के बारे में फैसला करने के लिए थी। इस बारे में स्थानीय प्रशासन चौकन्ना और हर विषम स्थिति का सामना करने को तैयार रहा। वैसे यह तो सभी भलीभांति जानते-समझते हैं कि वह चाहे कनाडा हो या अमेरिका, खालिस्तानी अलगाववादियों ने यहां बरसों से अपनी गहरे तक जड़ें जमाने में कामयाबी पा ली है। कनाडा तो उनकी शरणस्थली है। यह भी सच है कि कनाडा में ही खालिस्तान की मांग करने वाले अलगाववादियों का हेडक्वार्टर भी रहा है और वहीं से खालिस्तानी आंदोलन संचालित किया जाता रहा है। यही नहीं कनाडा की धरती से अलगाववादियों को हरसंभव मदद भी दी जाती रही है। साथ ही खालिस्तान समर्थक आंदोलन को हवा-पानी देने में कनाडा वासियों का महत्वपूर्ण योगदान भी रहा है। बीते दशकों का इतिहास इसका प्रमाण है जिसे नकारा नहीं जा सकता।

इस सच्चाई को दरगुजर नहीं किया जा सकता कि खालिस्तानी आतंकियों ने ही दशकों पहले 1985 में एयर इंडिया के विमान में विस्फोट किया था, जिससे सैकड़ों निर्दोष लोगों की मौत हुई थी। ऐसे हत्यारों की शरणस्थली और उनके पालनहार भी पश्चिमी देश ही बने। उसमें भी कनाडा ने अहम भूमिका निबाही। ऐसे देश पर कैसे भरोसा किया जा सकता है जो आतंक की खुली पैरवी करता रहा हो। भारत समय-समय पर इससे समूची दुनिया को अवगत भी कराता रहा है। भारत हमेशा से यह कहता रहा है कि चरमपंथी सोच न दुनिया के लिए अच्छी है और ना ही भारत के लिए। और तो और ऐसी सोच न भारत जैसे किसी देश के लिए अच्छी है और ना उसके पड़ोसी देशों के लिए।

भारत और उसका शीर्ष नेतृत्व इस बात को दुनिया के देशों के विभिन्न मंचों पर समय-समय पर उठाता भी रहा है कि कुछ देश आतंकियों को कुछ पनाह देते हैं। एससीओ यानी शंघाई सहयोग संघटन को ऐसे देशों की आलोचना से हिचकना नहीं चाहिए। ऐसे मामले पर दोहरे मापदण्ड के लिए कोई भी जगह नहीं होनी चाहिए। साथ ही आतंकी फंडिंग से निपटने के लिए आपसी सहयोग समय की आवश्यकता है। यही नहीं मिल-जुलकर ही लोगों का विकास और कल्याण संभव है अन्यथा अस्थिरता हमारे विकास की धुरी को तहस-नहस कर देगा। भारत की हमेशा से यही नीति रही है कि हिंसा में लिप्त अलगाववादी तत्वों को किसी प्रकार का संरक्षण नहीं दिया जाए, अलगाववादी तत्वों को किसी भी तरह की आड़ न मिलने पाए। यह भी कि आतंकवादी किसी भी रूप में हों, ऐसे तत्व जो समाज के लिए कलंक हैं, आखिरकार इंसानियत को देर-सवेर अपना कुरूप चेहरा दिखाते ही हैं।



> आतंकवादी किसी भी रूप में हों, ऐसे तत्व जो समाज के लिए कलंक हैं, आखिरकार इंसानियत को देर-सवेर अपना कुरूप चेहरा दिखाते ही हैं। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इनको संरक्षण नहीं देना चाहिए। इससे आतंकवाद को बढ़ावा मिलता है। एक समय ऐसा आता है जब ये तत्व उस देश के लिए नासूर बन जाते हैं। फ्रांस इसका जीता-जागता सबूत है। वह संरक्षण का दुष्परिणाम भोग रहा है। यह समूची दुनिया के लिए सबक है। भारत के लिए भी यह चेतावनी है कि देश को ऐसे तत्वों की शरणगाह बनने नहीं देना चाहिए।

अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर इनको संरक्षण नहीं देना चाहिए। इससे आतंकवाद को बढ़ावा मिलता है। एक समय ऐसा आता है जब ये तत्व उस देश के लिए नासूर बन जाते हैं। फ्रांस इसका जीता-जागता सबूत है। वह संरक्षण का दुष्परिणाम भोग रहा है। यह समूची दुनिया के लिए सबक है। भारत के लिए भी यह चेतावनी है कि देश को ऐसे तत्वों की शरणगाह बनने नहीं देना चाहिए। इसका खामियाजा भारत ने भी भुगता है और वह नासूर बन आज भी देश के विकास के लिए बाधक है। अंत में निष्कर्ष यह कि कैसे भी हो ऐसे विषधरों का फन जितनी जल्दी हो, कुचल देना चाहिए। यह समय की आवश्यकता है। इसमें दो राय नहीं है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# साले की शादी में जीजा का डिस्को



सुरेश सौरभ
व्यंग्यकार

जब खाने की डबल-ट्रिपल इच्छा हो रही हो। साले की बारात जनवासे की ओर चढ़ रही हो और नाचने की हुड़दंग दैया-दैया मैया-मैया जैसे गानों पर शुरू हो चुकी हो, तो ऐसे में बनाए जा रहे वीडियो के सामने जीजा का नचाना उतना ही जरूरी है, जितना आईफोन में डाटा रखना जरूरी है। रामलाल शर्मा जी उस दिन मिल गए। पिछले दिनों अपने साले की शादी में गए थे, कुछ ऐसी ही अपनी आपबीती बताने लगे, बोले- बारात साले ने दो घंटे लेट करा दी। जब बारात द्वारचारे के लिए बैंड बाजे के साथ निकली तो तमाम नचैयों ने झिक-झिक पेल दी-अमां यार ये गाना, नहीं नहीं वो गाना, वो भांगड़ा। ...

एक तो देर, ऊपर से नचाने वाले सबेर करने पर बिलकुल आमादा थे। उधर लड़की वाले हमें फोन पर फोन करके बारात की लोकेशन ऐसे पूछ रहे थे, जैसे दूल्हा सारे कर्मकांड हम से ही पूछ-पूछ कर रहा हो। दूल्हे के मां-बाप से नहीं पूछना, बस हमारी जान खाए पड़े थे। जब मैंने कहा-दूल्हे के मां-बाप से क्यों नहीं पूछते, तो दुल्हन का भाई बोला कि ज्यादा भाव न खाओ आप को पता है दूल्हे के मां-बाप इस वक्त बहुत बिजी होंगे, फिर उनसे कैसे पूछें? तुम लड़के के जीजा हो, कुछ जिम्मेदारी तुम्हारी भी बनती है या सिर्फ अपनी हकदारी के लिए ही साथ में आ रहे हो। तब हमने कहा-हां सारी जिम्मेदारी हमारी ही बनती है। नचैयों के जाल से तुम्हारे जीजा जी बंधे हैं। घिरे हैं। अभी उनका जाल खोलकर तुरन्त द्वारेचार के लिए हवाई मार्ग से उन्हें लिए आ रहा हूं। तब तक पान बीड़ा बनवाकर रखो। एक तरफ नचैया दूसरी ओर उधर से घड़ी-घड़ी आते फोन का तांडव, ऊपर से भूख से मेरा बुरा हाल हो रहा था।

गर्मी वो अलग उधम काटे, मई में मैया-मैया याद आ रही थी। तभी पत्नी ने त्यौरियां चढ़ाकर कहा- कैसे जीजा हो। सब नाच रहे हैं, आप मायूस होकर ऐसे चल रहे जैसे बैंड, डीजे, लाइट का सारा खर्चा आपकी जेब से जाने वाला है। मैंने कहा- मन नहीं हो रहा। हलक सूख रहा है। पत्नी- सबकुछ मिलेगा दूध पीते बच्चों की तरह नखरेबाजी न करो। ये क्यों नहीं कहते कि मेरे भाई की शादी की रौनक और धूम-धड़ाका देखकर आपको अंदर ही अंदर से जलन हो रही है, घुटन हो रही है। तब मैंने रक्त का घूंट पीकर कहा- ऐसा नहीं है। तुम्हारा भाई मेरा भी कुछ लगता है। साले के लिए मेरे दिल में वही जगह है जो तुम्हारे लिए है। पत्नी बोली- कवियों की तरह फालतू में ख्यालबाजी के किस्से न सुनाओ। वैसे भी ख्यालबाजी गए-बीते युग की बातें हो चुकी हैं। अब मेरा मुंह क्या देखते हो। वीडियो बन रही है- जाओ वीडियो कैमरे के सामने नाचो। मेरी-तुम्हारी इज्जत का सवाल है। 'तुम तो जानती हो मुझे नाचना नहीं आता?' यहां क्या मुम्बई के हीरो या माइकल जैक्सन नाच रहे हैं? जैसे नाच पाओ नाचो। वर्ना कल यही कहेंगे, जीजाजी वीडियो में नहीं दिख रहे। तभी आओ जीजा जी! आओ जीजा जी! कहते-कहते ससुराल के मोहल्ले के दो-तीन लड़के मुझे नचैयों की समर भूमि में खींच ले गए।


मैंने भी जोश में बंदरों की तरह, उदबिलाव की तरह कूदना-फांदना शुरू किया। ये लो ये लो यहां हाथ गया, वहां पांव फेंकना शुरू किया। बैंड वाले मेरे मुंह के सामने ऐसे बैंड बजाने लगे जैसे मैं प्रभु देवा या माइकल जैक्सन की असली औलाद हूं। तमाम लोग मुझ पर नोट बरसाने लगे। तभी अचानक पता नहीं कैसे मेरा एक पांव गटर ने फांस लिया। गिरा धड़ाम... जब होश आया देखा तो कई जगह पट्टियां मेरे जिस्म पर बंधी थी। मैं अस्पताल की खटिया पर पड़ा था। हाथ में ड्रिप लगी थी। बोतल चढ़ रही थी। कुछ लोगों की खुसफुसाहट साफ-साफ सुन रहा था। ...पी कर नाचने वालों का यही हाल होता है। पीने की लत बहुत बुरी होती है। अरे! इतनी क्यों पीओ जो बर्दाश्त न हो सके। फ्री की मिल जाए फिर क्या कहना फिर तो रंग में भंग होगा ही। मैंने देखा मेरी श्रीमती खामोश खड़ी थीं। लग रहा था हमारा नाचना उन्हें बढ़िया नहीं लगा। वह मेरे पास आयीं, प्यार से सिर पर हाथ फेरकर बोली- सॉरी। अब मेरे जिस्म का दर्द छूमंतर की तरह गायब और साले की शादी का धूम-धड़ाका याद करके खुश होने लगा। मेरा अब मन नाचने लगा।



**राहुल गांधी,** पूर्व सांसद
@RahulGandhi
भीषण बारिश और भूस्खलन के कारण हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और अन्य उत्तर भारतीय राज्यों में लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। सभी शोकसंतप्त परिजनों को मैं गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की आशा करता हूं।



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री राजस्थान
@ashokgehlot51
आपका 1 वीडियो किसी जरूरतमंद को उसके हक का लाभ और आपको इनाम दिला सकता है।



**सतीश पूनियां,** उपनेता प्रतिपक्ष
@Drsatishpoonia
घोषणाएं करना एक बात है और उन्हें क्रियान्वयित करना दूसरी। अस्पताल में 1 फीट तक पानी भर चुका है, मरीजों के पास अस्पताल छोड़ने के अलावा कोई चारा नहीं। क्या इसी प्रकार की बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाओं की बात करते हैं मुख्यमंत्री जी?



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
चाहे आप इसे पत्थर कहें, पेड़ कहें, जानवर कहें, मनुष्य कहें, दानव कहें या देवता कहें - सब कुछ एक ही ऊर्जा है, जो स्वयं को लाखों अलग-अलग तरीकों से प्रकट करती है।

## नॉलेज कॉर्नर: इंडियन ब्लैकबेरी के नाम से भी जाना जाता है यह फल

# देवताओं का फल माना जाता है 'जामुन'

संसार में तरह-तरह के फल मिलते हैं। वन क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग स्थानों पर भिन्न-भिन्न प्रकार के फल उगते हैं। इन्हीं में एक फल जामुन भी है, जिसे देवताओं का फल भी कहा जाता है। ऐसा क्यों यह जानना दिलचस्प होगा। इसका इतिहास बेहद पुराना है। इसकी सबसे अधिक आवक बारिश के मौसम में होती है। इस समय पेड़ पर जामुनों के गुच्छे देखे जा सकते हैं। अन्य फलों की तुलना में जामुन का विशेष महत्व है। इसमें बहुत कम कैलोरी पायी जाती है। इसमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और कैल्शियम प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा इसमें लौह तत्व, विटामिन बी, कैरोटिन, मैग्नीशियम और फाइबर भी होते हैं।जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### जामुन के बारे में

जामुन एक सदाबहार पेड़ है, इसलिए इसे एवेन्यू पेड़ या पवन अवरोधक के रूप में भी उपयोग किया जाता है। इसे स्वास्थ्यवर्धक फल माना जाता है। इसलिए कई देशों में इसका सेवन नाश्ते के रूप में किया जाता है। इसमें एंटी ऑक्सिडेंट और फ्लेवोनोइड जैसे भरपूर गुण पाए जाते हैं। जामुन के वृक्ष को आंशिक वर्षा की आवश्यकता होती है, इसलिए ये शुष्क मौसम में भी पनप जाते हैं। अलग-अलग स्थानों की मिट्टी और मौसम की स्थितियों के अनुसार इसका आकार अलग-अलग प्रकार



का होता है। आयुर्वेद में इसके बीजों का उपयोग किया जाता है। इससे विभिन्न जड़ी-बूटियां और मसाले तैयार किए जाते हैं। इसे कई अन्य नामों से भी जाना जाता है। जैसे- जामुन, राजमन, काला जामुन, जमाली, ब्लैकबेरी। इसे इंडियन ब्लैकबेरी भी कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम सियाजियम क्यूमिनी है।

### जामुन की उत्पत्ति

बात करें इसके इतिहास की तो जामुन का इतिहास नवपाषाण काल से जुड़ा माना जाता है। यूं तो इसे भारत का मूल निवासी माना जाता है, लेकिन इसके अलावा यह बांग्लादेश, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया और फिजी जैसे देशों में भी पाया जाता है। इसे देवताओं का फल भी कहा जाता है, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि जब भगवान राम चौदह वर्ष के वनवास पर गए थे, तब उन्होंने इसी फल का सेवन किया था। नवपाषाण काल में मानव मुख्य भोजन के रूप में कई जंगली फलों का सेवन करता था, जिनमें जामुन भी शामिल था। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार इस फल का काफी महत्व है।

### इन बीमारियों में कारगर है जामुन

*यह कई रोगों के निदान में सहायक है। गर्मियों में इसके सेवन से लू नहीं लगती। यह कैंसर की संभावना को कम करता है। मधुमेह के उपचार में लाभदायक है। यह पेट की समस्याओं, एनिमिया, पथरी, मसूड़ों के लिए लाभकर तथा यकृत को स्वस्थ रखता है। ग्लूकोज-फ्रक्टोज जैसे तत्वों का मुख्य स्रोत है।*

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

**एडमिशन अलर्ट:** राजस्थान विश्वविद्यालय में UG एडमिशन की पहली मैरिट लिस्ट जारी

# राजस्थान कॉलेज में प्रवेश के लिए जनरल की कटऑफ 93.40%

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉलेजों की प्रथम मेरिट सूची सोमवार को जारी कर दी गई।

यह सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट और महाविद्यालयों के सूचना पट्ट पर जारी की गई। खास बात यह रही कि आर्ट्स स्ट्रीम में प्रवेश की कटऑफ साइंस से ज्यादा रही है। राजस्थान कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में प्रवेश की सामान्य वर्ग की कटऑफ 93.40 प्रतिशत रही है। कॉमर्स, महारानी और महाराजा कॉलेज में सामान्य रूप से कटऑफ 90 फीसदी से अधिक रही है। हालांकि आगामी सूचियों में कुछ कम अंक वाले स्टूडेंट्स को भी प्रवेश मिल सकता है। विवि में इस बार न्यू एजुकेशन पॉलिसी - 2020 के तहत प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस बार परीक्षा सेमेस्टर सिस्टम से होंगी।



### 18 से जमा होगी फीस

प्रवेश सूची में स्थान बनाने वाले आवेदकों के दस्तावेजों का सत्यापन 15 जुलाई तक संबंधित महाविद्यालयों में किया जाएगा। 15 जुलाई तक संबंधित महाविद्यालयों में अपने दस्तावेजों का सत्यापन करवाना आवश्यक है। महाराजा कॉलेज के उप प्राचार्य प्रो. राम अवतार शर्मा ने बताया कि दस्तावेजों के सत्यापन के बाद 18 से 21 जुलाई तक निर्धारित प्रवेश शुल्क ऑनलाइन जमा करवाया जा सकता है।

### महाराजा में 90.80 पर प्रवेश

आरयू के संघटक महाराजा कॉलेज में बीएससी बॉयो ग्रुप में सामान्य की कटऑफ 90.80, ओबीसी की 86, एससी की 80, एसटी की 79, इडब्ल्यूएस की 82.30 और एमबीएस की 85.80 प्रतिशत रही। मैथ्स ग्रुप में सामान्य की 94.20, ओबीसी की 91.80 एससी की 87.60, एसटी की 88.60, ईडब्ल्यूएस की 90.60 और एमबीएस की 90 प्रतिशत रही है। साइंस ऑनर्स में भी 90 फीसदी या उससे अधिक अंकों पर छात्रों को सीट मिली है। बीसीए में सामान्य की 91, ओबीसी की 88, एससी की 80 एसटी की 72.20. इडब्ल्यूएस की 85.20 और एमबीएस की कटऑफ 67.40 प्रतिशत रही है।

### राजस्थान कॉलेज में ये रही कटऑफ

राजस्थान कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की कटऑफ सामान्य की 93.40, ओबीसी की 91.20, एससी की 88.40, एसटी की 89.40, इडब्ल्यूएस की 88.40 और एमबीएस की 89.20 प्रतिशत रही है। बीए ऑनर्स की कटऑफ 85 से 74 प्रतिशत तक रही है।

---

**कोच धनंजय ने दी आईडी ग्रस्त बच्चों के भविष्य को दिशा**

# विशेष बच्चों को तराश कर 'खास' बना रहा गुरु

**बेधड़क** | जयपुर

"गुरु एक कुम्हार की तरह होता है, वह कच्ची मिट्टी के ढेर को एक सुन्दर बर्तन में बदलकर उसके भविष्य को नए सिरे से लिखता है।" आज के दौर में ये वाक्य केवल किताबी ज्ञान जैसा लग सकता है लेकिन एक शिक्षक ने इस वाक्य को न केवल साकार किया है बल्कि इससे भी एक कदम आगे बढ़कर गुरु की महत्ता स्थापित की है।

ये शिक्षक हैं हनुमानगढ़ के गोलूवाला गांव की सरकारी स्कूल में खेल शिक्षक धनंजय कुमार। धनंजय ने अपने इलाके के साथ ही राजस्थान भर के दर्जनों बच्चों को एथलेटिक्स, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, हैंडबॉल और हॉकी जैसे खेलों में ट्रेंड कर उनके जीवन को बदला है। खास बात यह है कि धनंजय ने जिन बच्चों को ट्रेंड किया है वे सभी बौद्धिक अक्षमता (आईडी) से ग्रस्त हैं।

सामाजिक रूप से अघोषित बहिष्कार झेलने वाले, सीखने की प्रक्रिया में आम बच्चों से कई गुणा अधिक संघर्ष झेलने वाले और शिक्षा के हर स्तर पर उपेक्षित इन बच्चों को खेल से जोड़कर धनंजय ने इनकी जिंदगी को नई दिशा दी है और सही मायनों में 'गुरु' साबित हुए हैं। धनंजय के ट्रेंड किए बच्चों में से कई अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं और मेडल्स जीत चुके हैं।





### ऐसे शुरू हुआ सफर

धनंजय ने वर्ष 2011 में एथेंस विशेष ओलंपिक में सहायक कोच के रूप में काम किया है। 50 वर्षीय धनंजय ने 2013 में हनुमानगढ़ के गोलूवाला गांव में राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल में काम करना शुरू किया। तब से वे लगातार विशेष बच्चों के प्रशिक्षण के काम में जुटे हैं। धनंजय स्कूल के साथ ही विभिन्न एनजीओ या अन्य माध्यमों से उन तक आने वाले बच्चों को भी प्रशिक्षित करते हैं। उनका कहना है कि बौद्धिक विकलांगता वाले बच्चों का आईक्यू कम हो सकता है, लेकिन उनके कौशल की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाए तो वे अन्य बच्चों के समान ही होते हैं। इन बच्चों को कम नहीं आंकना चाहिए। उनमें भी प्रतिभा होती है। आवश्यकता उस प्रतिभा को तराशने की है।

### ...और ये खिलाड़ी बने नजीर

धनंजय के शिष्य श्री गंगानगर के लधुवाला निवासी राजेश ने 2007 में चीन में अंतर्राष्ट्रीय खेलों में एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीता था। राजेश ने अब तक 32 से अधिक पदक जीते हैं। राजेश का कहना है कि धनंजय सर ने न केवल मुझे प्रशिक्षित किया, बल्कि वे मेरे साथ उन सभी खेल आयोजनों में गए, जिनमें मैंने भाग लिया था। धनंजय के एक अन्य शिष्य, जयपुर के आयनू शर्मा ने 2019 में अबू धाबी में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में एक कांस्य और एक रजत पदक जीता था। आयनू बौद्धिक अक्षमता से ग्रस्त है। आयनू को बैडमिंटन की कोचिंग देने के साथ-साथ, धनंजय ने उसे प्रोत्साहित और प्रेरित किया। अब तक आठ बच्चों ने देश का प्रतिनिधित्व किया है और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं। अमृत पाल सिंह ने 2013 में ऑस्ट्रेलिया में विश्व खेलों में भाग लिया और 100 मीटर दौड़ में रजत और 200 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण जीता। इनके साथ ही दर्जनों बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीते हैं और लगातार कोच धनंजय कुमार के निर्देशन में खेलों की बारीकियां सीखकर आगे बढ़ रहे हैं।

---

## NGO को दान की बाइक एम्बुलेंस

**जयपुर।** एसएफएस मानसरोवर स्थित आईआईएस यूनिवर्सिटी कैम्पस में रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल की तरफ से वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीडीजी डॉ. अशोक गुप्ता सहित विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे ।

समारोह में एक गैर-सरकारी संगठन को बाइक एम्बुलेंस दान की गई। गौरतलब है कि तकरीबन 263 सक्रिय सदस्यों की आरसी जयपुर गुरुकुल साल 2017 से कई सामाजिक गतिविधियां संचालित कर रही है। रोटरी क्लब जयपुर गुरुकुल की अध्यक्ष डॉ. मणि भाटिया और -अपनाघर आश्रम, आदर्श नगर जयपुर की अध्यक्ष सलोनी पाटनी ने बाइक एम्बुलेंस के उपयोग की त्रैमासिक रिपोर्ट मुंबई लेकर्स के आरसी को भेजने पर सहमति जताई, जिसे आगे हीरो मोटरकॉर्प को भेजा जाएगा।

---

**रेसटा के प्रतिनिधियों ने निभाए सामाजिक सरोकार**

# शिक्षकों ने लगाए पौधे, लिया सार-संभाल का संकल्प

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षक संघ एलीमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसियेशन (रेसटा) की ओर से बीकानेर के मोतीगढ़ स्थित सरकारी स्कूल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मोतीगढ़ के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में स्कूल परिसर में पौधे लगाए गए। सलावद ने इस अवसर पर कहा की हमें अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और जब तक वह बड़ा नहीं हो जाए उसकी देखभाल करनी चाहिए। पेड़ हमारे जीवन के लिए आवश्यक है।



पौधारोपण अभियान के दौरान स्कूल परिसर में शीशम, जामुन, शहतूत, गुलाब आदि प्रजातियों के 11 पौधे लगाए गए व पेड़ों की नियमित सार संभाल व पानी पिलाने की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई। संघ की आरे से प्रतिवर्ष सरकारी स्कूलों व कार्यालयों में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया जाता है। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक मो. जाहिर खान, अब्दुल समद पंवार, हरिप्रकाश बीलबान, रीना प्रजापत, संतोष कुमार, भजन लाल चौहान, विनय गोयल, जयसिंह राठौड़, विनोदबाला शर्मा, भंवरसिंह भाटी, भंवरलाल आदि मौजूद रहे।

---

# IGNOU में चार नए Msc कोर्स शुरू

**जयपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) के स्कूल ऑफ साइंसेस ने ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग (ODL) मोड में चार नए कोर्स शुरू किए हैं। चारों नए कोर्स मास्टर ऑफ साइंस कोर्स होंगे। नए कोर्स इसी महीने से शुरू कर दिए गए हैं।



नए शुरू किए गए कोर्स एमएससी फिजिक्स, एमएससी एप्लाइड स्टैटिस्टिक्स, एमएससी भूगोल और एमएससी जियो इंफॉर्मेटिक्स हैं। एमएससी फिजिक्स के लिए फिजिक्स में ऑनर्स के साथ ग्रेजुएट या फिजिक्स व मैथ्स के साथ बीएससी स्टूडेंट आवेदन कर सकते हैं। एमएससी इन एप्लाइड स्टेटिस्टिक्स के लिए स्टेटिस्टिक्स या मैथ्य के साथ बीए या बीएससी डिग्री और एमएससी ज्योग्राफी के लिए ग्रेजुएशन अनिवार्य योग्यता है। एमएससी इन जियो इन्फोर्मेटिक्स में एडमिशन के लिए साइंस या इंजीनियरिंग या आर्किटेक्चर या प्लानिंग या कम्प्यूटर एप्लीकेशन में ग्रेजुएशन जरूरी है। इस कोर्स में आईटी या ज्योग्राफी में एमए किए हुए छात्र भी आवेदन कर सकते हैं। ये सभी कोर्स दो वर्ष की अवधि के हैं। इनके लिए 15 जुलाई तक अप्लाई किया जा सकता है।

## IIT खड़गपुर में 153 पदों पर होगी भर्ती

**जयपुर।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, खड़गपुर ने जूनियर एग्जीक्यूटिव, जूनियर अकाउंट्स ऑफिसर, स्टाफ नर्स, सिक्योरिटी इंस्पेक्टर सहित विभिन्न पदों के लिए 153 वैकेंसी निकाली हैं। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आईआईटी खड़गपुर की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर करना होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। अलग अलग पदों के अनुसार अलग अलग शैक्षणिक योग्यता निर्धारित है।

---

**स्कूल शिक्षा सचिव ने दिए प्रमाण पत्र**

# शिक्षकों ने सीखी इंग्लिश स्पीकिंग स्किल

**बेधड़क** | जयपुर


प्रदेश के महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों (एमजीजीएस) एवं स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूलों के शिक्षकों के बैच का 100 घंटे का स्पोकन इंग्लिश प्रशिक्षण सोमवार को सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए। स्कूल शिक्षा विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर, जोधपुर, कोटा, बीकानेर व उदयपुर में आयोजित प्रशिक्षण का संचालन राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की टेक्निकल डायरेक्टर ज्योति लुहाडिया ने बताया कि इन संभागों में प्रशिक्षण का प्रथम चरण सम्पन्न हो गया है। अजमेर एवं भरतपुर संभाग के शिक्षकों के लिए भी सोमवार से प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए आधुनिक ब्लेंडेड लर्निंग पद्धति का प्रयोग किया जा रहा है। इंग्लिश लैंग्वेज लैब के प्रयोग, प्रासंगिक ग्रुप एक्टिविटी व रोल प्ले के माध्यम से प्रशिक्षण को इंटरैक्टिव बनाया गया है।



### विद्यार्थियों को लाभ दें शिक्षक

इस अवसर पर शासन सचिव नवीन जैन ने 71 शिक्षकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए। उन्होंने सभी शिक्षकों को इस प्रशिक्षण में सीखी गई बातों का अपने स्कूलों में दैनिक कार्यों में उपयोग करने को कहा, जिससे इन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी इसका पूरा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि शिक्षकों में अंग्रेजी भाषा में बोलने के कौशल विकास के लिए ऐसे प्रशिक्षण का बड़ा महत्व है, इनसे उनकी क्षमताओं में निखार आएगा।



# उत्तर भारत बारिश का कहर

## जलमग्न सड़कें-बेहाल हुए शहर



@कुल्लू में उफनती व्यास नदी में बहा भुंटर घाटी ब्रिज



@ चंडीगढ़ तर-ब-तर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उत्तर भारत में मूसलाधार बारिश का कहर जारी है। यमुना सहित कई नदियां उफान पर हैं। दिल्ली में यमुना खतरे के निशान को पार कर गई है। हिमाचल प्रदेश में सोमवार को भूस्खलन में चार और लोगों की मौत हो गई। कालका-शिमला राजमार्ग बाधित हो गया। राज्य के मनाली में फंसे 20 लोगों को बचा लिया गया लेकिन राज्य के विभिन्न हिस्सों में करीब 300 अन्य लोग फंसे हुए हैं। मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह सुक्खू ने कहा है कि 50 साल में भी ऐसी भारी बारिश नहीं देखी। भारी बारिश और बाढ़ से प्रभावित राज्यों में स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की कुल 39 टीम तैनात की गई हैं। इनमें से14 टीम पंजाब में जबकि एक दर्जन टीम हिमाचल प्रदेश, आठ उत्तराखंड और पांच हरियाणा में तैनात हैं।मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में भेड़ाघाट के पास उफनती नर्मदा नदी में एक टापू पर फंसे चार लोगों को बचाया।



@ जिरकपुर (पंजाब) में भरा पानी



@ पंचकुला में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क

### जम्मू -श्रीनगर राजमार्ग बंद

**बनिहाल/जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग सोमवार को भी लगातार तीसरे दिन बंद रहा। राजमार्ग पर हजारों वाहन फंसे हुए हैं। वही जम्मू से आगे की अमरनाथ यात्रा तीसरे दिन भी स्थगित रही। जम्मू में भगवती नगर आधार शिविर में 6,000 से अधिक तीर्थयात्री फंसे हुए हैं, जबकि रामबन जिले में चंद्रकोट आधार शिविर पर 5,000 से अधिक यात्री फंसे हुए हैं।

### पंजाब: मदद को पहुंची सेना, 910 छात्रों को बचाया



@ पटियाला में राहत व बचाव कार्य में जुटी सेना की टीम।

**चंडीगढ़।** भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात के बीच सेना ने पंजाब के चितकारा विश्वविद्यालय से 910 छात्रों और 50 अन्य लोगों को बचाया। पंजाब के राजपुरा शहर में सतलुज यमुना लिंक नहर में दरार आने से पानी का स्तर अत्यधिक हो जाने के बाद पटियाला जिला प्रशासन ने सेना बुला लिया। राज्य के रूपनगर में कमालपुर के पास सिसवन नदी के तटबंध टूट गए है। हरियाणा में भी प्रशासन की मदद के लिए सेना की टीम भेजी गई हैं।

### शिवसेना के नाम व चिह्न मामले में SC सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 'शिवसेना' नाम तथा पार्टी का चुनाव चिह्न 'धनुष एवं बाण' महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट को आवंटित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की याचिका पर 31 जुलाई को सुनवाई करने पर सोमवार को सहमति जताई। इससे पहले वकील अमित आनंद तिवारी ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध किए जाने का अनुरोध किया था।

### पीएम मोदी तिलक पुरस्कार से होंगे सम्मानित

**पुणे।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक अगस्त को पुणे में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में राकांपा प्रमुख शरद पवार को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। आयोजनकर्ता ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक तिलक ने एक बयान में कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाई और भारत को वैश्विक मानचित्र पर स्थापित किया।

**बंगाल पंचायत चुनाव में हिंसा:** राज्यपाल की गृह मंत्री शाह से भेंट

## सुबह से पहले के 'घने अंधेरे' का वक्त, जल्द 'उजाला' होगा: बोस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उन्हें दो दिन पहले पंचायत चुनाव के दौरान राज्य में हुई हिंसा के बारे में अवगत कराया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। बैठक में हुई चर्चा से जुड़े सवाल पर राज्यपाल ने संवाददाताओं से कहा कि सुबह से ठीक पहले के 'घने अंधेरे' का वक्त है, जल्द ही 'उजाला' होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में स्थिति बेहतर होगी। सूत्रों ने बताया कि बोस ने शाह को राज्य के मौजूदा हालात और हिंसा प्रभावित पंचायत चुनाव के बारे में अवगत कराया। ज्ञात रहे कि पंचायत चुनाव के दौरान हुई हिंसा में 15 लोगों की मौत हो गई थी। बोस ने पश्चिम बंगाल में विभिन्न स्थानों का दौरा किया था और शनिवार को मतदान के दौरान स्थिति का जायजा लिया था



### 696 मतदान केंद्रों पर हुआ पुनर्मतदान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के 19 जिलों के 696 मतदान केंद्रों पर शाम पांच बजे तक कुल 69.85 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जहां पंचायत चुनाव के तहत मतदान रद्द घोषित कर दिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस पुनर्मतदान के दौरान कहीं से भी किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि मतपेटियों से छेड़छाड़ के आरोपों और हिंसा में 15 लोगों की मौत के बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने 696 बूथ पर पुनर्मतदान का रविवार शाम को आदेश दिया था। पुनर्मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

### HC का रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश

कोलकाता। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पंचायत चुनावों में केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी सीमा सुरक्षा बल के महानिरीक्षक से आठ जुलाई को विभिन्न मतदान केंद्रों पर हुई हिंसा के संबंध में एक रिपोर्ट दाखिल करने का सोमवार को निर्देश दिया। अदालत ने राज्य सरकार को कथित चुनावी हिंसा में मारे गए लोगों के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सहायता और घायलों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का भी निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह रिपोर्ट महत्वपूर्ण होगी क्योंकि याचिकाकर्ता और अन्य हस्तक्षेपकर्ताओं ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया है।।

### राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप

टीएमसी के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष ने आरोप लगाया कि चुनाव के दिन हिंसा विपक्षी दलों ने की थी। विपक्ष प्रायोजित हिंसा से सबसे ज्यादा नुकसान टीएमसी को हुआ है। एसईसी की मांग के बावजूद केंद्रीय बल नहीं पहुंचे।स बीच, भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने मांग की कि अदालतों की निगरानी में फिर से चुनाव होने चाहिए। भाजपा ने कहा कि उसने हिंसा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के लिए चार सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया है।

**मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा**

## दो गांवों के बीच झड़प में एक जने की मौत

**एजेंसी** | इंफाल

मणिपुर के इंफाल पश्चिम और कांगपोकपी जिले के दो गांवों में हिंसक झड़पों में सोमवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार तड़के तीन बजे से सुबह छह बजे के बीच कुछ देर के लिए स्थिति शांत रही, लेकिन उसके बाद दोनों जिलों की सीमा पर स्थित कांगचुक क्षेत्र के फेयेंग और सिंगदा गांवों से अंधाधुंध गोलीबारी की आवाज सुनी गई। असम राइफल्स दोनों गांवों के बीच एक 'बफर जोन' की निगरानी करती है।




### तनाव बढ़ाने के लिए कोर्ट का इस्तेमाल नहीं

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि मणिपुर में हिंसा बढ़ाने के मंच के रूप में शीर्ष अदालत का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। साथ ही उसने स्पष्ट किया कि वह हिंसा खत्म करने के लिए कानून एवं व्यवस्था के तंत्र को अपने हाथ में नहीं ले सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य की स्थिति रिपोर्ट पर गौर करते हुए यह टिप्पणी की।

## जयशंकर ने भरा नामांकन

**अहमदाबाद।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुजरात से राज्यसभा की सीट के लिए सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। बाद में जयशंकर ने संसद के उच्च सदन में राज्य का प्रतिनिधित्व करने का एक और मौका देने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी व भाजपा के नेतृत्व को धन्यवाद दिया। गुजरात से राज्यसभा की 11 सीट में तीन सीटों पर चुनाव हो रहा है। वर्तमान में भाजपा के आठ व कांग्रेस के पास तीन सीटें हैं।

**चंद्रयान-3 की उड़ान की तैयारी**

## चांद पर उतरने के लिए इस बार बड़ा होगा लैंडिंग स्थल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अधिक ईंधन एवं कई सुरक्षित उपायों से लैस चंद्रयान-3 का शुक्रवार को प्रक्षेपण करने के साथ चंद्रमा पर उतरने का एक और प्रयास करने के लिए तैयार है। इसके लिए चांद पर एक बड़ा 'लैंडिंग स्थल' निर्दिष्ट किया गया है। चंद्रयान-3 शुक्रवार को अपराह्न 2:35 बजे चंद्रमा के लिए उड़ान भरने को तैयार है। यह सितंबर 2019 में भेजे गए चंद्रयान-2 का अनुवर्ती मिशन है

इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने सोमवार को यहां चंद्रयान-2 के लैंडर 'विक्रम' के 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने में असफल रहने का ब्योरा साझा करते हुए कहा कि जब इसने चंद्रमा की सतह पर 500मीटर x 500 मीटर के निर्दिष्ट लैंडिंग स्थल की ओर उतरना शुरू किया तो इसके वेग को धीमा करने के लिए डिजाइन किए गए इंजनों में उम्मीद से अधिक बल विकसित हो गया। अधिक बल उत्पन्न होने से कुछ ही अवधि में त्रुटियां पैदा हो गईं। यान को बहुत तेजी से मुड़ना पड़ा। जब यह बहुत तेजी से मुड़ने लगा, तो इसके मुड़ने की क्षमता सॉफ्टवेयर द्वारा सीमित हो गई। हमने कभी ऐसी स्थिति की उम्मीद नहीं की थी। विफलता का तीसरा कारण अंतरिक्ष यान को उतारने के लिए निर्दिष्ट किया गया 500 मीटर x 500 मीटर का छोटा स्थल था।



### 4 KM x 2.5 KM लैंडिग क्षेत्र

सोमनाथ ने यहां एसआईए इंडिया द्वारा आयोजित भारतीय अंतरिक्ष कांग्रेस से इतर संवाददाताओं से कहा, अब हमने लैंडिंग के क्षेत्र को 500 मीटर x 500 मीटर से बढ़ाकर 4 किलोमीटर x 2.5 किलोमीटर कर दिया है। यह कहीं भी उतर सकता है, इसलिए यह आपको एक विशिष्ट बिंदु को लक्षित करने तक सीमित नहीं करता है। यह केवल नाममात्र स्थितियों में एक विशिष्ट बिंदु को लक्षित करेगा। इसलिए, यदि प्रदर्शन ख़राब हुआ, तो यह उस क्षेत्र में कहीं भी उतर सकता है।

### अधिक है ईंधन की मात्रा

सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 में ईंधन भी अधिक है जिससे इसमें यात्रा करने या पथ-विचलन को संभालने या वैकल्पिक लैंडिंग स्थल पर जाने की अधिक क्षमता है।

### हर विफलता का किया विश्लेषण

सोमनाथ ने कहा, हमने बहुत सी विफलताओं को देखा- सेंसर की विफलता, इंजन की विफलता, एल्गोरिदम की विफलता, गणना की विफलता। इसलिए, जो भी विफलता हो, हम चाहते हैं कि यह आवश्यक वेग और निर्दिष्ट मान पर उतरे। इसलिए, अंदर अलग-अलग विफलता परिदृश्यों की गणना और योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया है। विक्रम लैंडर में अब अन्य सतहों पर अतिरिक्त सौर पैनल हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह बिजली उत्पन्न करता रहे।

**फोर्ब्स की अपना मुकाम सूची**

## भारतीय मूल की चार 'धनलक्ष्मी' शामिल

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

भारतीय मूल की चार महिलाएं फोर्ब्स की 'अपना मुकाम खुद हासिल करने वाली' 100 सबसे अमीर महिलाओं की सूची में जगह बनाने में कामयाब रही हैं। इन चारों महिलाओं की संपत्तियां सामूहिक रूप से 4.06 अरब डॉलर हैं। इस सूची में एबीसी सप्लाई की सह-संस्थापक डेन हेंड्रिक्स लगातार छठी बार पहले स्थान पर रही हैं। उनकी कुल संपदा 15 अरब डॉलर है। सूची में कंप्यूटर नेटवर्किंग फर्म अरिस्टा नेटवर्क्स की अध्यक्ष जयश्री उल्लाल, आईटी परामर्श और आउटसोर्सिंग फर्म सिंटेल की सह-संस्थापक नीरजा सेठी, क्लाउड कंपनी कॉन्फ्लूएंट की सह-संस्थापक नेहा नारखेड़े और पेप्सिको की पूर्व चेयरमैन एवं सीईओ इंद्रा नूयी शामिल हैं।

- जयश्री उल्लाल- 15वां स्थान, कुल संपदा 2.4 अरब डॉलर।
- नीरजा सेठी-25 वां स्थान, कुल संपत्ति 99 करोड़ डॉलर है।
- नेहा नारखेड़े नारखेडे 38 वां स्थान, 52 करोड़ डॉलर की संपदा
- इंदिरा नूयी-77वां स्थान, संपदा 35 करोड़ डॉलर

### इटर्नल वॉइस ऑफ डॉक्टर्स: अब डॉक्टर्स बनेंगे बॉलीवुड सिंगर्स

# RIC में देश-दुनिया से चुने डॉक्टर्स सिंगिंग में दिखाएंगे अपना टैलेंट

**बेधड़क | जयपुर**

मैं सर्जरी करने के बाद स्टीचिंग कर रहा था। तभी मेरे पेशेंट ने कहा कि सर कोई गाना ही सुना दो। उसकी फरमाइश में मैंने दो लाइन गुनगुना दीं और मेरे पेशेंट को उससे बहुत खुशी मिली। ऐसे में मेरे जैसे पता नहीं कितने ही डॉक्टर्स हैं, जो गुनगुनाते हैं। अब उनको मंच मिलने वाला है। यह विचार डॉक्टर जितेंद्र सिंह मक्कड़ ने शेयर किए। साथ ही साउथ एशिया के सबसे बड़े हॉल में 5 से 7 हजार लोगों के बीच देश-दुनिया चुने गए डॉक्टर्स इसमें शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि सफेद कोट के पीछे छिपे सिंगर्स अपनी सिंगिंग परफॉर्मेंस देंगे और उन्हें जज बॉलीवुड सिंगर पद्मश्री कुमार सानू, अल्का यागिनक, जतिन पंडित, पद्मश्री अहमद और मोहम्मद हुसैन करेंगे। क्योंकि मौका होगा 28 जुलाई को जयपुर में होने वाला सबसे बड़ा डॉक्टर्स सिंगिंग इवेंट इटर्नल वॉइस ऑफ डॉक्टर्स का।

इटर्नल हॉस्पिटल में ऑर्गनाइजर्स ने इवेंट का अपडेट दिया। इसमें इटर्नल वॉइस ऑफ डॉक्टर्स के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह मक्कड़ और ऑर्गनाइजिंग सैक्रेटरी व संयोजक डॉ. सौरभ जैन, इटर्नल हॉस्पिटल की को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा, सीईओ प्राचीश प्रकाश, पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन और मोहम्मद हुसैन, डॉ. एन सी पूनिया, एसएमएस के गैस्ट्रो विभाग हैड डॉ. संदीप निझावन और इटर्नल वॉइस ऑफ डॉक्टर्स के म्यूजिक मेंटर डॉ. गौरव जैन व रवींद्र उपाध्याय शामिल हुए।




### चुने गए 375 प्रतिभागी

इटर्नल वॉइस ऑफ डॉक्टर्स के ऑर्गनाइजिंग चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह मक्कड़ ने बताया कि अब तक स्टेट ऑनलाइन ऑडिशन पूरे हो गए हैं, जिसमें से 125 प्रतिभागी तीनों कैटेगिरी (40 वर्ष उम्र से कम, 40 से 55 और 55 वर्ष से अधिक उम्र) नेशनल राउंड के लिए चयनित किए गए हैं, जो नेशनल राउंड के लिए क्वॉलीफाई किए हैं। इनका 13 जुलाई तक ऑनलाइन कॉन्टेस्ट हो रहा है। उनमें से बेस्ट 10 सिंगर चुने जाएंगे, जो 29 जुलाई को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के ऑडिटोरियम होने वाले प्री फिनाले के लिए क्वॉलीफाई होंगे।

### वाइल्ड कार्ड एंट्री बनाएगी कॉम्पिटिशन को रोचक

ऑर्गनाइजिंग सैक्रेटरी व संयोजक डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि जो बाकी प्रतिभागी प्री-फिनाले के लिए क्वॉलीफाई नहीं कर पाए उनके लिए राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 28 जुलाई को वाइल्ड कार्ड एंट्री रखी है। वहां अलग-अलग ऑडिटोरियम में तीनों कैटेगिरी के सिंगर्स ज्यूरी के सामने परफॉर्मेंस देंगे। वहां से तीन बेस्ट सिंगर प्री फिनाले के लिए चुने जाएंगे। इससे तीनों कैटेगिरी में 13-13 सिंगर्स हो जाएंगे। इस ज्यूरी में डॉ. गौरव जैन, रवींद्र उपाध्याय और पुनीत दीक्षित शामिल होंगे। ग्रैंड फिनाले में हर कैटेगिरी से पांच-पांच सिंगर्स सलेक्ट किए जाएंगे। ग्रैंड फिनाले सीतापुरा स्थित जेईसीसी के हॉल-1 में होगा, जहां पांच से सात हजार लोगों की मौजूदगी में ये सिंगर्स परफॉर्म करेंगे। यहां कुमार शानू, अलका याग्निक, जतिन पंडित, मोहम्मद हुसैन और अहमद हुसैन इन सिंगर्स को जज करेंगे। इसके इनका सेलिब्रिटी शो होगा।

### विदेशों से आएंगे 30 डॉक्टर्स

इटर्नल हॉस्पिटल की को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा ने कहा कि इटर्नल वॉइस ऑफ डॉक्टर्स में दूसरे देशों से भी 25 से 30 डॉक्टर्स शामिल हो रहे हैं, जिससे यह मेगा इवेंट इंटरनेशनल लेवल पर चला गया है। भारतवर्ष के समस्त राज्यों से करीब 350 डॉक्टर्स इसमें शामिल होने के लिए जयपुर आ रहे हैं। इसमें विनर्स के लिए हर कैटेगरी में कैश प्राइज 2 लाख, 1 लाख और 50 हजार रुपए रखे गए हैं। सीईओ डॉ. प्राचीश प्रकाश ने बताया कि विवान प्रोडक्शन एंड रिकॉर्ड्स ने घोषणा की है कि उनके आगामी प्रोजेक्ट में प्लैबैक सिंगर के रूप में ग्रैंड फिनाले में परफॉर्म करने वाले डॉक्टर्स को लिया जाएगा। डॉ. एनसी पूनिया ने बताया कि वॉइस ऑफ मेडिकोज लॉन्च किया जाएगा, जिसमें दुनियाभर के 8 लाख मेडिकल और डेंटल स्टूडेंट्स भाग ले सकेंगे। इसकी ब्रांड एंबेसडर अलका याग्निक को बनाया गया है। इसका फिनाले 21 जनवरी,2024 को जेईसीसी में होगा। डॉ. संदीप निझावन ने कहा कि म्यूजिक डायरेक्टर पुनीत दीक्षित ने अपनी अपकमिंग फिल्म में प्लेबैक सिंगिंग के लिए इटर्नल वॉइस ऑफ डॉक्टर्स के विजेता को एंडोर्स किया है।

### फैशन फेस्टिवल कोटा कोट्योर आज

# जयपुर की मॉडल्स-एक्ट्रेस बिखेरेंगी फैशन के रंग



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के मॉडल्स और फैशन एक्सपर्ट अब कोटा में फैशन के रंग बिखेरेंगे और प्रदेश में फैशन इंडस्ट्री को आगे लेकर जाएंगे। इसमें कोटा के फैशन लवर्स, डिजाइनर्स और अन्य साथ होंगे। इसके लिए फैशन फेस्टिवल कोटा कोट्योर शो होटल लोटस अनंता में मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। आयोजक आयुष विजय तथा अनुप्रिया विजय ने बताया कि शो में कोटा डोरिया के परिधानों से सजे मॉडल्स फैशन के जलवे बिखेरते नजर आएंगे। इस दौरान रैंप पर ब्राइडल, केजुअल, पार्टी वियर के साथ लेटेस्ट ट्रेंड के परिधानों को प्रदर्शित किया जाएगा। 6 सिक्वेंस में मॉडल भारतीय परिधानों को शोकेस करेंगी, वहीं वेस्टर्न संस्कृति की छटा बिखरते हुए समर व फ्यूजन कलेक्शन रैंप पर होगा। साथ ही ब्राइडल कलेक्शन खास होगा। दूसरी और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए एयर हॉस्टेस के गेटअप में रैंपवॉक करेंगी।

जयपुर से गौरव गौड़ ने बताया कि शो में 30 मॉडल्स वॉक करेंगी। डिजाइनर सुमित, नंदिनी, मेघा जैन और वरिंदर पालसिंह अपने डिजाइन शोकेस करेंगे। जयपुर से मॉडल-एक्ट्रेस चारवी दत्ता, मॉडल-एक्ट्रेस आकांक्षा भल्ला तथा रूत्वी तिवारी मौजूद रहेंगी।

## शपथ ग्रहण समारोह एवं रक्तदान शिविर



**जयपुर।** अग्रवाल समाज समिति मुरलीपुरा के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं रक्तदान शिविर हुआ। इस अवसर पर समाज समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष अशोक पंसारी, उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, महामंत्री मक्खन लाल कांडा, कोषाध्यक्ष श्याम बिहारी अग्रवाल, संयुक्त सचिव किशन कुमार अग्रवाल, भवन समिति अध्यक्ष शंकरलाल अग्रवाल सहित कार्यकारिणी सदस्यों को चुनाव अधिकारी मोहनलाल अग्रवाल, मुख्य अतिथि सीताराम अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि आईजी अशोक गुप्ता ने शपथ दिलाई।

## City इवेंट्स

### आईसीआईसीआई बैंक की नई शाखा शुरू




**बेधड़क. जयपुर।** आईसीआईसीआई बैंक ने जयपुर में एक नई शाखा स्थापित की है। 'पिंकसिटी' में यह बैंक की 93वीं शाखा है। श्याम नगर में जनपथ पर स्थित इस शाखा में ग्राहकों को नकद जमा और निकासी सेवाएं प्रदान करने के लिए एक एटीएम सह कैश रिसाइक्लर मशीन (सीआरएम) चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी। ज्योति माहेश्वरी फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्योति माहेश्वरी ने शाखा का उद्घाटन किया।

### गोविंदा ने किया पोस्टर का विमोचन



**बेधड़क, जयपुर।** बॉलीवुड के स्टार गोविंदा ने होटल मेरियट में जयपुर टाइगर फेस्टिवल-2023 के पोस्टर का विमोचन किया। राजस्थान स्टेट वाइल्ड लाइफ बोर्ड के सदस्य धीरेंद्र के. गोधा ने बताया कि जयपुर टाइगर फेस्टिवल के तहत 29 से 31 जुलाई तक जेकेके में फोटो एग्जीबिशन लगाई जाएगी। वाइल्ड लाइफ में रूचि रखने वाले लोग 15 जुलाई तक 'जयपुरफेस्टिवल. कॉम' पर फोटोज भेजकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। फेस्टिवल के लिए हजारों की संख्या में एंट्रीज आई हैं। जेटीएफ प्रेसिडेंट संजय खवाड़ ने बताया कि पोस्टर विमोचन के दौरान जेटीएफ अध्यक्ष संजय खवाड़, सचिव आशीष बैद, जेडी माहेश्वरी, देवांश गोधा, कुणाल खवाड़ उपस्थित रहे।

### समाज सेवी प्रमोद जैन सम्मानित



**बेधड़क, जयपुर।** प्रियंका हार्ट केयर फाउंडेशन सोसायटी के डॉ. जीएल शर्मा और श्री अग्रवाल समाज चौरासी के संयुक्त तत्वावधान में स्व. श्रीमती भूली देवी धर्मपत्नी बद्रीलाल जोशी की तृतीय पुण्यतिथि पर रक्तदान एवं निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन टोंक जिले के मालपुरा में किया गया। इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ आदर्श नगर विधानसभा के संयोजक व प्रमुख समाज सेवी प्रमोद जैन भंवर सहित विभिन्न संस्थाओं को उनके विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया गया।

### डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग गायन प्रतियोगिता 21 से

# डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग के ऑक्शन में लगी बोली



**बेधड़क | जयपुर**

मेडिकोज सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में 21 से 23 जुलाई तक होने वाली द्वितीय अनूठी डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियर लीग गायन प्रतियोगिता के लिए रविवार को ऑक्शन का आयोजन किया गया। इसमें आठ फ्रेंचाइजी-हॉस्पिटल्स ने अपनी टीमें बनाने के लिए चिकित्सक प्रतियोगियों की बोली लगाई।

डीएमपीएल चेयरमैन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि प्रत्येक फ्रेंचाइजी को बोली लगाने के लिए कुल एक करोड़ पचीस लाख पॉइंट्स आवंटित किए गए थे। हर फ्रेंचाइजी ने अपनी-अपनी रणनीति के हिसाब से पॉइंट्स खर्च कर आठ-आठ प्रतियोगी खरीदे।

चीफ कोऑर्डिनेटर डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि ऑक्शन में टीम श्री कृष्णा हॉस्पिटल चाकसू ने डॉ. गौरव यादव को छप्पन लाख पॉइंट्स में खरीदा। एसआरके हॉस्पिटल ने डॉ. बीडी सोनी को पचपन लाख पॉइंट्स में, डॉ. प्रशांत कैंसर केयर टीम ने डॉ. अंजलि को पचास लाख पॉइंट्स में, अक्स लेजर एंड कॉस्मेटिक/एशियन कैंसर ने डॉ. प्रियंका को चालीस लाख पॉइंट्स, सीकेएस/त्यागी ऑय ने डॉ. महेश चंदेल को 47 लाख पॉइंट्स, सीता देवी हॉस्पिटल ने डॉ. बबिता को 43 लाख पॉइंट्स में खरीदा। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव के अनुसार यह आयोजन डॉक्टर्स के बीच मेल-मिलाप बढ़ाने व उनके मानसिक तनाव को कम करने का एक अच्छा माध्यम बनेगा। डॉ. रविंद्र और डॉ. हर्षुल ने बताया कि ऑक्शन के इस अवसर पर डॉ. जयंत सेन, डॉ. प्रकाश चांदवाणी, डॉ.अनुराग शर्मा, डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. मनीष विजयवर्गीय, डॉ. प्रवीण सिंघल, डॉ. मयंक अग्रवाल, डॉ. सुमित भंसाली आदि चिकित्सक उपस्थित रहे।

### मानसरोवर में सर्व कल्याण महारुद्राभिषेक संपन्न

# भोले के कावड़ियों का जयपुर में इंद्रदेव ने किया जलाभिषेक

**बेधड़क | जयपुर**



प्रदेश में खुशहाली और जयपुर की समृद्धि की कामना के साथ सावन के पहले सोमवार को सर्व समाज मानसरोवर की ओर से थड़ी मार्केट स्थित चमत्कारेश्वर मंदिर में सर्व कल्याण महारुद्राभिषेक किया गया। विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री राजाराम, अमरापुर स्थान के संत मोनू महाराज के सान्निध्य में आयोजित महारुद्राभिषेक के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. गोपाल शर्मा थे। देवी-देवताओं का षोडशोपचार पूजन किया।

इसके बाद गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों, तीर्थ जल, दूध, दही, घी, शहद, विजया, ईक्षु रस, भस्म, पंचामृत सहित अन्य औषधि द्रव्यों से भगवान इस दौरान प्रशांत शर्मा के आचार्यत्व में 21 विद्वानों ने सस्वर रुद्रीपाठ किया। इससे पहले सैकड़ों महिलाएं और कावड़िए गाजेबाजे व लवाजमे के साथ मंदिर पहुंचे। गंगाजल पूरित कलश लेकर चल रही महिलाओं का भगवान इंद्रदेव ने जलाभिषेक किया।

### श्रीअमरापुरश्वेर महादेव का विशेष श्रृंगार



**जयपुर।** तीर्थ श्रीअमरापुर स्थान पर सावन के प्रथम सोमवार को आश्रम में स्थित श्रीअमरापुरश्वेर महादेव मंदिर पर भगवान भोलेनाथ की पंचामृत, बेलपत्र, दुग्ध अभिषेक व जल अभिषेक कर संतों की ओर से पूजा-अर्चना व आरती की गई। श्रीअमरापुर स्थान जयपुर के व्यवस्थापक संत श्रीमोनूराम महाराज ने बताया कि सावन मास में हर सोमवार को भोले बाबा का विशेष श्रृंगार करते हुए भव्य फूलों की सजावट की गई। भगवान शंकर को आक-धतूरे की विशेष माला, चावल, चंदन आदि अर्पित कर पूजा की गई।

**चातुर्मास** | प्रताप नगर के सेक्टर आठ के दिगंबर जैन मंदिर में भक्तों ने किया विद्यापान

# श्रद्धा के अभाव में मनुष्य नहीं बन पाता श्रावक: आचार्यश्री

**बेधड़क | जयपुर**

शहर के प्रताप नगर सेक्टर 8 दिगंबर जैन मंदिर में चल रहे आचार्य सौरभ सागर महाराज के चातुर्मास के दौरान सोमवार को प्रवचन श्रृंखला में आचार्य सौरभ सागर ने कहा कि श्रद्धा के अभाव में मनुष्य श्रावक नहीं बन पाता।

जिस प्रकार हेंडिल के अभाव में साईकिल कार्यकारी नहीं होती, उसी प्रकार श्रद्धा के अभाव में श्रावकपना कार्यकारी नहीं होता। श्रद्धा और विश्वास में काफी अंतर होता है। श्रद्धा स्थाई होती है और विश्वास क्षणिक होता है। विश्वास



इच्छापूर्ति की कामना करता है। अपने मन के अनुसार आराध्य का चलने की इच्छा जाहिर करता है, लेकिन श्रद्धा कामना से रहित होती है और आराध्य के अनुसार चलने की कोशिश करती है। विश्वास लहर के समान होता है, जो किनारे पर आकर समाप्त हो जाता है।

### समाज को युवाओं को आगे लाना होगा

दूसरी ओर टोंक रोड स्थित बरकत नगर के नमोकर भवन में चातुर्मास कर रहे आचार्य नवीन नंदी महाराज ने कहा कि प्रत्येक श्रावक को अगर धर्म की जय-जयकार करनी है, धर्म को आगे बढ़ाना है तो बच्चों को संतों से जोड़ना होगा। समाज में युवाओं को आगे लाना होगा। अगर सही समय पर बच्चों और युवाओं को धर्म से नहीं जोड़ा गया तो वह संस्कारवान, धर्मवान की शिक्षा से रहित होकर धर्म और समाज से दूर रह जाएंगे। कुछ युवा हैं, जो धर्म से जुड़कर धर्म को आगे बढ़ाना तो चाहते है, किंतु उनको समय पर उचित अवसर नहीं मिलने पर वह दूर हो जाते हैं। जिस पर सर्व समाज को चिंतन करना चाहिए और युवाओं को मार्ग दर्शन देकर आगे बढ़ाना चाहिए। आज का युवा अगर सीखेगा नहीं, धर्म से जुड़ेगा नहीं तो वह आगे चलकर नवीन पीढ़ी को किन विषयों की शिक्षा देगा? इस पर विचार करना चाहिए।



पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 11 जुलाई, 2023



किसी के बारे में गलत अनुमान मत लगाया करो, क्योंकि हम नहीं जानते उनकी जिंदगी में कितनी उलझनें हैं।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



### कश्मीर में बढ़ेगी तिरंगे की आन-बान और शान

# 'सैल्यूट तिरंगा' संगठन निकालेगा तिरंगा यात्रा

- सच बेधड़क न्यूज चैनल बना आयोजन का अधिकृत मीडिया पार्टनर
- यात्रा 1 अगस्त को शंकराचार्य पर्वत से रवाना होगी, कई जिलों में 15 अगस्त तक निकलेगी

सुधांशु माथुर | बेधड़क

**श्रीनगर।** कश्मीर में तिरंगे की आन-बान और शान को बढ़ाने के उद्देश्य से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। एक से 15 अगस्त तक निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा का आयोजन "सैल्यूट तिरंगा" संगठन के तत्वावधान में किया जाएगा। आयोजकों का दावा है कि आजादी के बाद पूरे कश्मीर में पहली बार ऐसी तिरंगा यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। 'सच बेधड़क न्यूज चैनल' इस तिरंगा यात्रा का अधिकृत मीडिया पार्टनर होगा। धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में बदलाव आया है। इसी बदलाव की कड़ी में सैल्यूट तिरंगा संगठन एक से 15 अगस्त तक पूरे कश्मीर में तिरंगा यात्रा निकालेगा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा ने श्रीनगर में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि इस वर्ष हम इस यात्रा को जम्मू कश्मीर के अनुपम सौंदर्य और प्राकृतिक स्थलों के साथ मिलाएंगे। हमारा उद्देश्य है कि यह यात्रा जम्मू कश्मीर के स्थानीय लोगों को विकास, पर्यटन और उनके आर्थिक विकास के लिए अवसर प्रदान करेगी। साथ ही, जन-जन तक तिरंगे के प्रति मान सम्मान को बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य है । उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा श्रीनगर के शंकराचार्य पर्वत से शुरू होगी। इसी दिन डोडा, किश्तवाड़, रामबन, उधमपुर और सांभा से भी यात्रा का आगाज होगा। यात्रा दुपहिया वाहनों पर निकाली जाएगी। हर वाहन पर हाथ में तिरंगा लिए दो सवार होंगे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य कश्मीरियों को मुख्य धारा से जोड़ना है। धारा 370 हटने के बाद के लाभ भी लोगों को बताना है। 15 अगस्त को इस दिन समस्त जम्मू कश्मीर वासियों से अपने घर पर तिरंगा फहराने की अपील की जाएगी।



### पूरी तरह गैर राजनीतिक आयोजन

"सैल्यूट तिरंगा" के राष्ट्रीय महासचिव संपत सारस्वत ने बताया कि तिरंगा यात्रा का पूरी तरह से गैर राजनीतिक आयोजन है। यात्रा में 50 प्रतिशत भागेदारी महिलाओं की सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य लोगों का तिरंगा के प्रति सम्मान और जुड़ाव बढ़ाना है। संगठन के कश्मीर के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मुजफ्फर हुसैन कलाल ने बताया कि हमारी सैल्यूट तिरंगा टीम ने बेहतर सुविधाओं, सुरक्षा के उपायों, और सबसे अच्छे आयोजन व्यवस्था की तैयारी की है। हम इस यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी स्थानीय अधिकारियों, प्राधिकरणों और विभाजित संगठनों के सहयोग से काम कर रहे हैं। यात्रा में जम्मू कश्मीर के विभिन्न क्षेत्रों को शामिल करते हुए जन-जन तक, घर-घर तक तिरंगा पहुंचाना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले सैल्यूट तिरंगा टीम का स्वागत समारोह रखा गया, जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सच्चिदानंद पोखरियाल, कमांडो सुरेंद्र सिंह, उत्तम भाई पटेल, सेवानिवृत्त आईएएस उजागर सिंह तथा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।

### पूर्व PM का महिला मित्र को तोहफा

# गर्लफ्रेंड के नाम कर दी 900 करोड़ की दौलत

एजेंसी | रोम

इटली के तीन बार प्रधानमंत्री रहे सिल्वियो बर्लुस्कोनी अपनी गर्लफ्रेंड के लिए 900 करोड़ रुपए की दौलत छोड़कर गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक बर्लुस्कोनी अपनी वसीयत में गर्लफ्रेंड मार्टा फैससिना के लिए 100 मिलियन यूरो यानी करीब 900 करोड़ रुपए तक की संपत्ति छोड़ गए हैं। बीते महीने ही 86 साल के बर्लुस्कोनी का निधन हो गया था।

तीन बार इटली के पीएम रहे बर्लुस्कोनी की कुल संपदा 6 अरब यूरो के करीब बताई जाती है। फैससिना और बर्लुस्कोनी का रिश्ता 2020 में शुरू हुआ था। कानूनी रूप से बर्लुस्कोनी और फैससिना की शादी नहीं हुई थी, लेकिन वह उसे पत्नी कह कर ही संबोधित करते थे। मरने से पहले बर्लुस्कोनी का यही संबोधन था। बर्लुस्कोनी की गर्लफ्रेंड के तौर पर चर्चित फैससिना के इटली के निचले सदन की सदस्य भी हैं।



### कारोबार संभालेंगे दो बच्चे

बर्लुस्कोनी के विशाल साम्राज्य को फिलहाल उनके दो बच्चे मैरिना और पियर सिल्वियो संभालेंगे। दोनों की बर्लुस्कोनी के कारोबार में 53 फीसदी की हिस्सेदारी है। बर्लुस्कोनी ने अपनी अपार दौलत में से 100 मिलियन यूरो की रकम अपने भाई पाओलो को भी दी है। इटली की राजनीति में तीन दशक तक छाए रहने वाले बर्लुस्कोनी देश के बड़े कारोबारियों में से एक थे। वह राजनेता होने के अलावा कारोबारी, मीडिया मुगल भी थे।

### अमेरिका ने MQ-9B ड्रोन स्ट्राइक को दिया अंजाम

# ISIS के कुख्यात सरगना मुहाजिर को किया ढेर

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिका ने इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवांत (आईएसआईएस) के नेता अबू ओसामा अल-मुहाजिर को मार गिराया है। वह उत्तरी सीरिया में था जब अमेरिकी सेना ने ड्रोन स्ट्राइक किया। यूएस सेंट्रल कमांड ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बताया कि शुक्रवार के ड्रोन स्ट्राइक में ओसामा अल-मोहाजिर मारा गया।

सेना का दावा है कि किसी भी आम नागरिक की स्ट्राइक में मौत नहीं हुई है, लेकिन घायलों का पता लगाया जा रहा है। अमेरिकी सेना के मुताबिक स्ट्राइक को एमक्यू-9एस ड्रोन से अंजाम दिया गया। इससे पहले फरवरी 2022 में अमेरिका ने अबू इब्राहिम अल-हाशिमी अल-कुरैशी को मारा था। उसने 2019 में संगठन की कमान संभाली थी। वह सीरिया के इडलिब शहर में था जब यूएस ने उस पर स्ट्राइक किया। इसी इलाके में अल-बगदादी भी मारा गया था। हालिया स्ट्राइक से पहले यूएस ड्रोन और रूसी फाइटर जेट के बीच दो घंटे मुठभेड़ भी हुई।



### 2019 में किया गया था अरेस्ट

एक मीडिया रिपोर्ट का दावा है कि अबू ओसामा अल-मुहाजिर को सऊदी स्पेशल फोर्स ने जून 2019 में गिरफ्तार किया था। वह इस्लामिक स्टेट के यमनी विंग का नेता बताया जाता है। सऊदी फोर्स ने अल-मुहाजिर के साथ संगठन के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर को भी गिरफ्तार किया था। दस मिनट के ऑपरेशन में तब भारी हथियार, गोला-बारूम बरामद किए गए थे। अमेरिका ने तब दावा किया था कि अल-मुहाजिर को पकड़ने में यूएस सेना ने भी मदद की थी।

### रूसी जेट के साथ ड्रोन की मुठभेड़

आईएसआईएस नेता पर हमले से पहले इसी ड्रोन और रूसी जेट विमान के बीच दो घंटे मुठभेड़ हुई। रूस सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद का एक महत्वपूर्ण सहयोगी है। अमेरिका का दावा है रूसी फाइटर जेट और यूएस ड्रोन के बीच गुरुवार को भी मुठभेड़ हुई थी। ऑपरेशन को अंजाम देने जा रहे ड्रोन पर रूसी फाइटर ने फ्लेयर भी गिराए, जिससे ड्रोन में आग लग सकती थी। एक अन्य घटना में बुधवार को तीन रूसी जेट ने अमेरिकी ड्रोन का पीछा किया था। बुधवार और गुरुवार की इस घटना का अमेरिका ने बताया कि वीडियो भी है।

### 'किसी का गुनाह बस हवा में अपने बालों को लहराते हुए नाचना था'

# ईरान में मशहूर रैपर को छह साल की सजा

एजेंसी | दुबई

ईरान ने पिछले साल देश में हुए प्रदर्शन में भाग लेने को लेकर मशहूर रैपर तूमाज सालेही को सवा छह साल की जेल की सजा सुनाई है। सालेही के समर्थकों द्वारा संचालित सोशल मीडिया खाते से सोमवार को सजा की जानकारी दी गई। अभी ईरानी प्राधिकारियों ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

सालेही उन हजारों युवा ईरानियों में शामिल हैं, जिन्होंने ईरान की लोकाचार पुलिस द्वारा देश के सख्त इस्लामिक ड्रेस कोड का कथित तौर पर उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार की गई 22 वर्षीय महिला महसा अमीनी की मौत के बाद सड़कों पर प्रदर्शन किया था। यह प्रदर्शन देशभर में फैल गया था। सालेही (33) ने अपने गीतों तथा वीडियो में प्रदर्शनों का समर्थन किया गया था, जो व्यापक रूप से ऑनलाइन प्रसारित हुए थे। उन्हें पिछले साल अक्टूबर में गिरफ्तार किया गया था।

उन्होंने अमीनी के संदर्भ में एक वीडियो में रैप करते हुए कहा था, 'किसी का गुनाह बस हवा में अपने बालों को लहराते हुए नाचना था।' इस वीडियो को 4,50,000 से अधिक बार देखा गया। एक अन्य वीडियो में उन्होंने ईरान के धार्मिक पतन की भविष्यवाणी की थी। सरकारी मीडिया ने उनका एक वीडियो जारी की थी, जिसमें उनकी आंखों पर पट्टी बंधी हुई थी।

### चीन में व्यक्ति ने छह लोगों को चाकू मारा... मौत

**बीजिंग।** दक्षिणपूर्वी चीन के एक किंडरगार्टन में एक व्यक्ति ने चाकू मार कर एक शिक्षक सहित 6 लोगों की जान ले ली और एक अन्य को घायल कर दिया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि गुआंग्दोंग प्रांत के लियानजियांग में सुबह हुए हमले के बाद 25 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे पहले हमलावर के बच्चे को स्कूल में मारे गए लोगों में से एक की कार ने टक्कर मार दी थी।

### स्वीडन की नाटो सदस्यता के लिए तुर्किये की शर्त

# हमें ईयू में लो, तो स्वीडन स्वीकार

एजेंसी | विलनियस

तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने कहा है कि यदि यूरोपीय देश यूरोपीय संघ (ईयू) में तुर्किये के शामिल होने की कोशिश के लिए 'रास्ता खोल दें', तो उनका देश स्वीडन की उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में सदस्यता को स्वीकृति दे सकता है। तुर्किये ने स्वीडन की नाटो सदस्यता के लिए अभी अंतिम स्वीकृति नहीं दी है। एर्दोआन ने लिथुआनिया की राजधानी विलनियस में गठबंधन के शिखर सम्मेलन के लिए रवाना होने से पहले अंकारा में यह टिप्पणी की।

तुर्किये ईयू में शामिल होने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसके प्रयासों को अंकारा के लोकतंत्र के मामले में पीछे खिसकने और ईयू के सदस्य साइप्रस के साथ उसके विवादों के कारण झटका लगा है।

### स्वीडन को उम्मीद

स्वीडन के विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने सोमवार को उम्मीद जताई कि तुर्किये, स्वीडन के नाटो सदस्य बनने को लेकर अपनी आपत्तियों को वापस ले लेगा। उन्होंने कहा कि सवाल यह नहीं है कि स्वीडन नाटो का सदस्य बनेगा या नहीं, बल्कि सवाल यह है कि ऐसा कब होगा।

### अरबों साल पहले चांद पर फटा ज्वालामुखी

# बना ग्रेनाइट का पहाड़... अब तक है गर्म

एजेंसी | वाशिंगटन

पृथ्वी का उपग्रह चंद्रमा चांद पर वैज्ञानिकों को अब यहां पुराने ग्रेनाइट के भंडार दबे हुए मिले हैं। इस तरह की खोज इससे पहले चांद की सतह पर सामने नहीं आई थी। एक रोचक बात ये भी है कि इस ग्रेनाइट से गर्मी निकल रही है।

इसे एक सैटेलाइट ने खोजा है। चंद्रमा पर ज्वालामुखी फटने के सबूत के तौर पर ग्रेनाइट का बड़ा भंडार पाया गया है जो कि 50 किमी के दायरे में फैला है। यह लावे के ठंडा होने के कारण बना है। यह 3.5 अरब साल पहले फटा होगा। यह सौरमंडल के निर्माण से 1 अरब साल बाद का समय है।



### ग्रेनाइट में रेडियोएक्टिव एलीमेंट बहुत ज्यादा

चांद पर पाया गया ये ग्रेनाइट 50 किमी व्यास का है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह कितने बड़े क्षेत्र में फैला है। यह चांद के दूसरी तरफ की साइड में मौजूद कॉम्पटन बेल्कोविच वॉल्केनिक कॉम्प्लेक्स में पाया गया है। टक्सन में प्लेनेटरी साइंस रिसर्च इंस्टीट्यूट में शोध को लीड करने वाले डॉ. मैट सीगलर के अनुसार ग्रेनाइट में यूरेनियम और थोरियम जैसे रेडियोएक्टिव एलीमेंट बहुत ज्यादा मात्रा में मौजूद होते हैं।

### इसलिए पहाड़ छोड़ रहा है गर्मी

शोध में कहा गया है कि यूरेनियम और थोरियम जैसे तत्वों का कारण ही यह ग्रेनाइट का पहाड़ इतनी गर्मी छोड़ रहा है। धरती के बाहर सौरमंडल में ग्रेनाइट न के बराबर मौजूद है। यह तब बनता है जब किसी अग्नि संबंधित क्रिया के बाद मैग्मा का निर्माण होता है। इससे पहले के मिशनों में जो चट्टानें धरती पर लाई गई थीं, उनमें से केवल कुछ दाने ही ग्रेनाइट के थे, यानी कि इनमें ग्रेनाइट बहुत ही थोड़ी मात्रा में मौजूद था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl